श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया, संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 23 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
26 जुलाई 2025 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम




## धनखड़ द्वारा स्वीकार किया महाभियोग का नोटिस रद्द



**नई दिल्ली एजेंसी।** भ्रष्टाचार के एक संदिग्ध मामले में आरोप का सामना कर रहे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायाधीश के पद से हटाने के लिए विपक्ष का राज्यसभा में महाभियोग नोटिस दिया था,रद्द कर दिया गया है। इसे तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ ने स्वीकार कर लिया था। बताया जा रहा है कि नोटिस में कई त्रुटियां पाई गई हैं। वहीं अब न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा एक संयुक्त प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा। क्योंकि विपक्ष का नोटिस राज्यसभा में स्वीकार नहीं किया गया है। उच्च सदन को यह उसी दिन मिला था, जब सत्तापक्ष और विपक्ष का संयुक्त प्रस्ताव नोटिस 21 जुलाई को लोकसभा में सौंपा गया था।

## कंबोडिया व थाईलैंड संघर्ष में अब तक 33 मौतें

**बैंकाक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 1000 हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष तीसरे दिन भी जारी है। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई है। कंबोडियाके रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है। इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है।कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया।

## खुरई में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या की

**सागर।** जिले के खुरई के टीहर गांव में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। देर रात एक ही परिवार के चार सदस्यों ने घर में आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मनोहर लोधी (45), मां फूलरानी (70), बेटी शिवानी (18) और बेटा अनिकेत (16) के साथ टीहर गांव के पास खेत में बने मकान में रहते थे। उनकी पत्नी कुछ दिन पहले ही मायके गई थी। शुक्रवार रात उल्टियां करने की आवाज सुनकर ऊपरी मंजिल पर रहने वाला मनोहर का भाई नंदराम नीचे आया। उसने पूरे परिवार को उल्टियां करते देख घरवालों को बताया और पुलिस को सूचना दी फूलरानी और अनिकेत की मौके पर ही मौत हो गई। शिवानी ने खुरई अस्पताल में दम तोड़ा, जबकि मनोहर की अस्पताल के रास्ते में मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने जांच में जुटी है।

## कारगिल विजय दिवस: दुश्मन को जवाब देना अब न्यू नार्मल

**दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान को सीधा संदेश था कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। जनरल द्विवेदी ने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भी था, जो पूरे देश को गहरा घाव दे गया था। इस बार भारत ने हादसे पर शोक तो व्यक्त किया, साथ ही करारा जवाब भी दिया। जनरल द्विवेदी ने ये बातें दिल्ली में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा- दुश्मन को जवाब देना अब न्यू नॉर्मल है। कारगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचे। उनके साथ तीनों सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। राजनाथ ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि 5 मई 1999 को पाकिस्तान की घुसपैठ के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की पहाड़ी चोटियों पर जंग हुई थी।

### रीवा में दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' ग्राम पर्यटन और सांस्कृतिक साझेदारियों पर जोर

# सरकार पूरब की ओर, विंध्य की विरासत को पर्यटन से जोड़ने की कवायद, नए निवेश

**रीवा/ भोपाल दोपहर मेट्रो**

मप्र सरकार ने विंध्य की विरासत को पर्यटन की दृष्टि से सामने लाने के लिये आज बड़ी कवायद शुरू की है। रीवा में दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' की शुरुआत हो रही है। कृष्णा-राज कपूर ऑडिटोरियम में इस कॉन्क्लेव का उद्घाटन सीएम मोहन यादव कर रहे हैं। इसमें निवेश, डिजिटल बुकिंग, ग्राम पर्यटन और सांस्कृतिक साझेदारियों पर सरकार का जोर है। प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए नए कदम उठाने, पर्यटन व्यवसायियों को सहयोग करने, टूर ऑपरेटरों व होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने से जुड़े निर्णय लिए जा रहे हैं। कॉन्क्लेव में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और पर्यटन, संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी मौजूद रहेंगे। रीवा कॉन्क्लेव में प्रसिद्ध अभिनेता मुकेश तिवारी और पंचायत वेबसीरीज की अभिनेत्री सान्विका सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यादव इस कॉन्क्लेव के पहले सतना भी पहुंचे हैं। यहां स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद वे रीवा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सैनिक स्कूल पहुंचेंगे।

जानकार सूत्रों के मुताबिक इस दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को सशक्त करने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णय, निवेश प्रस्ताव, डिजिटल नवाचार और सांस्कृतिक साझेदारियां सार्वजनिक की जाएंगी। 'वाइल्डलाइफ और ऑफबीट डेस्टिनेशनों' पर केंद्रित इस आयोजन में राज्य को पर्यटन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय समुदाय को पर्यटन की मुख्यधारा से जोड़ने प्रभावशाली पहल होगी। यह पूरा आयोजन विंध्य में पर्यटक संख्या में वृद्धि के साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने, मध्य प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये है।






### कॉन्क्लेव के महत्वपूर्ण निर्णय

- चित्रकूट घाट में 'स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस परियोजना का स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत वर्चुअल शिलान्यास।
- शहडोल में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट का उद्घाटन। 15.62 करोड़ से निर्मित यह संस्थान युवाओं को आतिथ्य सत्कार से जुड़ी ट्रेनिंग एवं रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा।
- मंडला, डिंडोरी, सिंगरौली, सीधी और सिवनी जिलों में स्थानीय कला और हस्तशिल्प केंद्र स्थापित करने के लिए ग्राम सुधार समिति, एमएम फाउंडेशन और समर्थ संस्था के साथ अनुबंध किया जाएगा।

### निवेश प्रस्ताव: सरकार सौंप रही लेटर ऑफ अवार्ड

कॉन्क्लेव के पहले सत्र में होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्रों में निवेश करने वाले छह प्रमुख निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे। इन प्रस्तावों के अंतर्गत धार, मंदसौर, रायसेन, विदिशा, जबलपुर और अलीराजपुर में निवेश प्रस्तावित है। बताया जाता है कि प्रखर पाव द्वारा मंदसौर में ईको-टूरिज्म गतिविधियों और धार में मिनी रिसोर्ट की स्थापना की योजना है। गांधीसागर क्षेत्र में ईको टूरिज्म के लिए न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की राशि का निवेश किया जा रहा है। इस हेतु 1.39 हेक्टेयर की भूमि का रकबा जारी किया जा रहा है। वहीं धार के हेमाबर्डी क्षेत्र में फिक्सड टेंटिंग यूनिट/मिनी रिसोर्ट हेतु निवेश प्रस्ताव है, इन्हें भूमि का कुल रकबा 1.176 हेक्टेयर जारी किया जा रहा है। इधर रायसेन के ढकना चपना में होटल,रिसोर्ट के लिये निवेशक को 4.655 हेक्टेयर जमीन का रकबा दिया जाएगा। विदिशा के नेहरयाई में होटल/रिसोर्ट के लिये रकबा 2.00 हेक्टेयर दिया जा रहा है। जबकि भेड़ाघाट के समीप होटल/रिसोर्ट के लिये 0.405 हेक्टेयर जमीन दी जा रही है। सरकार को उम्मीद है कि परियोजनाओं से स्थानीय समुदाय को पर्यटन आधारित रोजगार प्राप्त होगा और क्षेत्रीय पर्यटन को स्थायित्व के साथ बल मिलेगा।

## चौराहे पर लड़की छेड़ते थे चौधरी, डिप्टी सीएम पर बरसीं राबड़ी



**पटना एजेंसी।** बिहार के चुनावी मौसम में पूर्व मुख्यमंत्री रबड़ी देवी ने मौजूदा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर तीखा आरोप लगाया और कहा- 'वह बोरिंग रोड के चौराहे पर बैठकर लड़कियों को छेड़ते थे। इस पर डिप्टी सीएम ने भी प्रतिक्रिया दी और कहा, 'राबड़ी देवी मेरी मां जैसी है,उनको पीड़ा तो होगी ही। उनके पति को कोर्ट ने अपराधी घोषित किया है, बेटा भी हार के डर से तरह-तरह के बहाने बना रहे हैं। राबड़ी देवी ने इससे पहले दावा किया था कि एनडीए (जेडीयू-बीजेपी गठबंधन) उनके बेटे तेजस्वी यादव की हत्या की साजिश रच रहा है, ताकि उन्हें चुनावी मुकाबले से बाहर किया जा सके। ताकि वो इनसे सवाल न पूछ सके, चुनाव में चुनौती न दे सके।

## सीजेआई का सख्त संदेश- कुर्सी सिर पर चढे तो पाप

**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने महाराष्ट्र के दर्यापुर (अमरावती) में न्यायालय की नव-निर्मित भव्य इमारत के उद्घाटन समारोह में बेहद सख्त लेकिन मूल्यवान संदेश दिया है। जस्टिस गवई ने कहा कि 'यह कुर्सी जनता की सेवा के लिए है, न कि घमंड के लिए, कुर्सी अगर सिर में चढ़ जाए, तो यह सेवा नहीं, बल्कि पाप बन जाती है। उनका यह बयान न्यायपालिका और प्रशासनिक पदों पर बैठे हर व्यक्ति के लिए एक चेतावनी की तरह माना जा रहा है। जस्टिस गवई ने सिर्फ प्रशासनिक अफसरों को ही नहीं, बल्कि न्यायाधीशों और वकीलों को भी उनके व्यवहार के लिए खरी-खरी सुनाई व कहा कि न्यायाधीशों को वकीलों को सम्मान देना चाहिए, अदालत वकील और न्यायाधीश दोनों की है। हालांकि जूनियर वकीलों को चेतावनी भरे अंदाज में उन्होंने कहा, 25 साल का वकील कुर्सी पर बैठा होता है और जब 70 साल का सीनियर आता है, तो उठता भी नहीं, थोड़ी तो शर्म करो और सीनियर का सम्मान करो।



## रेल्वे ने आईआरसीटीसी के ढाई करोड़ आईडी डीएक्टिवेट किए




**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने अब ऑनलाइन टिकट बुकिंग सिस्टम में दुरुपयोग को रोकने के लिए बड़ा फैसला लेते हुए आईआरसीटीसी के 2.5 करोड़ से ज्यादा यूजर्स आईडी डीएक्टिवेट कर दिये हैं। बताया जाता है कि संदिग्ध बुकिंग पैटर्न और फेक यूजर्स की पहचान के बाद यह डीएक्टिवेट किये गये। यह जानकारी सरकार ने संसद में दी है। बताया गया कि इन अकाउंट के डीएक्टिव होने से पहले तत्काल टिकट बुकिंग में कई तरह की समस्याएं आ रही थीं। अक्सर देखा जा रहा था कि तत्काल बुकिंग विंडो खुलने के कुछ ही मिनटों में टिकट गायब हो जाते थे, क्योंकि बॉट्स का यूज करके एजेंट सारे टिकट गायब कर देते थे, जिससे आम यात्री टिकट बुक नहीं कर पाता था।

## स्ट्रांग सिस्टम से उफने बांध व नदियां, हाइवे बंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात), ट्रफ और डिप्रेशन की वजह से मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है और जबर्दस्त बरसात करा रहा है। भोपाल में रात से ही तेज बारिश हो रही है। उधर नर्मदापुरम में तवा डैम के 7 गेट 10-10 फीट तक खोले गए हैं। वहीं, बैतूल में सतपुड़ा डैम के 7 गेट 8-8 फीट तक खोले गए हैं। बरगी और बारना डैम के भी गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। मंडला में सुबह 9 बजे नर्मदा नदी का जलस्तर वॉर्निंग लेवल को पार कर 437.2 मीटर पहुंच गया, जिससे माहिष्मती घाट का छोटा रपटा पुल डूब गया है। ग्वालियर में इतना पानी गिरा कि जलभराव के हालात बन गए। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सरकारी बंगले में पानी भरा है। हजीरा इलाके में पुरानी इमारत ढह गई। आज 41 जिलों में अति भारी और भारी बारिश का अलर्ट है। सीधी में पांच इंच पानी गिरा है।

इधर अशोकनगर के चंदेरी में राजघाट डैम के 12 गेट खोले गए। इससे यहां पुल पर 8 फीट तक पानी भर गया। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला हाईवे बंद होने से वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का कहर जारी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक राज्य में 221 सड़कें, 36 बिजली के ट्रांसफॉर्मर और 152 जलापूर्ति योजनाएं बंद हैं।

**मेट्रो एंकर**

### फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का सुरा प्रेमियों को जबर्दस्त फायदा

# अब इंग्लैंड में बिकेगी ताड़ी-महुआ, भारत में स्कॉच सस्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हालांकि कुछ समय बाद अमल में आएगा लेकिन इससे सुपर प्रेमियों को खास लाभ मिलेगा,उनके गिलास में इंग्लैंड की नामी स्काच छलकेगी और वह भी कम दामों में, जबकि भारतीय महुआ और ताड़ी का आस्वाद अंग्रेजों की गिलास तक पहुंचेगा। इस समझौते से ब्रिटेन से भारत आने वाली व्हिस्की और स्कॉच काफी सस्ती होगी और भारत के परंपरागत ब्रांड को भी नया बाजार सात समुंदर पार मिलेगा। कुल मिलाकर महंगी शराब के साथ आउट ऑफ बजट की समस्या काफी हद तक खत्म होगी। हालांकि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के कई मायने और आयाम हैं। इससे न सिर्फ भारत-यूके के बीच 34 अरब डॉलर का व्यापार बढ़ेगा बल्कि करोड़ों उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा, हालांकि हर क्षेत्र में इसका लाभ होगा लेकिन शराब के बाजार को लेकर इसकी चर्चा खूब है।



माना जाता है कि इस समझौते के तहत भारत में अंग्रेजी शराब पर लगने वाला भारी शुल्क धीरे-धीरे कम किया जाएगा। फिलहाल जो शुल्क 150 फीसद है, उसे घटाकर आधा यानी 75 फीसद किया जाएगा। फिर अगले 10 साल में यह 40 फीसद तक लाने का लक्ष्य हैं। इसका मतलब है कि जॉनी वॉकर, चिवास रीगल, सिंगल माल्ट स्कॉच, ग्लेनमोरांजी, जुरा जैसे महंगे ब्रांड अब जेब पर ज्यादा भारी नहीं पडेंगे। अनुमान है कि तीन हजार रूपए की एक स्कॉच व्हिस्की अब केवल बारह-पंद्रह सौ रूपए में उपलब्ध हो सकती है। इंग्लेंड की मशहूर व्हिस्की ब्रांड के अलावा जिन और सिंगल माल्ट्स और ब्लेंडेड स्कॉच की कीमतों में भी भारी गिरावट होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में व्हिस्की का चलन काफी है और अभी इंग्लैंड से इसका आयात होता है। करोडों बोतले भारत आती हैं। जब भारत में अंग्रेज शासन था,तब अंग्रेज यहां व्हिस्की सेवन करते थे,तभी से यह भारत में चलन में आई है।

### भारत के डिस्टलर्स को नया बाजार

खास बात यह ह कि इस समझौते के जरिए भारत के पारंपरिक शराब उत्पादों को भी यूके में नई पहचान मिलने वाली है। यानी गोवा की फेनी, नासिक की वाइन और केरल की ताड़ी को ब्रिटेन के सुपरमार्केट्स और हाई-एंड होटल्स में जगह मिलेगी। मप्र समेत कुछ राज्य में महुआ से भी पारंपरिक शराब बन रही है और इसकी ब्रांडिंग भी हो रही है इनकी निर्माता भारत की लोकल डिस्टिलरी को अंतरराष्ट्रीय पहचान के साथ-साथ बड़ा एक्सपोर्ट प्लेटफॉर्म भी मिलेगा।

## पाक व बांग्लादेश समझौते से भारत की दिक्कतें बढ़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच हुआ एक नया समझौता भारत के लिए चिंता का सबब बन सकता है। इसके मुताबिक राजनयिक और सरकारी पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के आने-जाने की अनुमति होगी। यह फैसला पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी और बांग्लादेश के लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी के बीच ढाका में बैठक में लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अफसरों का आना-जाना आसान हो जाएगा तथा भारत की पूर्वी और उत्तर-पूर्वी सीमा पर सुरक्षा खतरा बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ढाका में पाकिस्तान की बढ़ती मौजूदगी से भारत विरोधी तत्वों को मदद मिल सकती है।

# एमपी नगर में 'सड़क धंसने का फिर अंदेशा, उसी जगह के पास दिखी दरारें, जहां हुआ था गड्ढा

भोपाल दोपहर मेट्रो

राजधानी में गत सप्ताह ज्योति टॉकीज चौराहे पर नाले की दीवार ढहने से सड़क धंसने के ठीक भी हालात पूरी तरह ठीक नहीं माने जा रहे हैं। दरअसल एक सप्ताह बाद इसी सड़क की दूसरी ओर दरारें देखी गई हैं। इसे देखते हुए यहां एहतियायद के तौर पर बैरिकेडिंग कर दी गई। बैरिकेडिंग से चेतक ब्रिज और ज्योति टॉकीज चौराहा से बोर्ड ऑफिस चौराहा की ओर जाने वाली लेन को आधा बंद कर दिया गया है। अब इस रोड पर भारी वाहन नहीं निकल सकेंगे।

बताया जाता है कि पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मस्के और सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर एचएस जायसवाल ने मौका मुआयना भी किया है और जरूरी कदम

**सड़क के नीचे नाले की दीवार में क्रेक, अफसर ने पिछले सप्ताह दिखाई होती दूरंदेशी तो रिपेयर हो जाता पूरा नाला**

उठाये जा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने कहा कि सड़क पर अचानक आई दरारों से साफ पता चल रहा है कि इसके नीचे नाले की दीवार में क्रैक आ गया है। यदि यहां लगातार ट्रैफिक जारी रहा और खास

**ताजा हालात**




तौर से भारी वाहन निकले तो खतरा बढ़ सकता है। एसई जायसवाल ने कहा कि पूरे नाले का निरीक्षण करेंगे और उसके बाद रिपेयरिंग शुरू की जा रही है।

**पिछले सप्ताह की घटना**



उल्लेखनीय है कि ठीक एक हफ्ते पहले, इसी सड़क की दूसरी लेन धंस गई थी। यह गड्ढा इतना बड़ा था कि एक कार समा जाती। लेकिन सौभाग्य से उस वक्त वहां ऐसा हादसा नहीं हुआ। पीडब्ल्यूडी ने आनन-फानन में नाले को रिपेयर करके ट्रैफिक को चालू किया गया था लेकिन अब माना जा रहा है कि सिर्फ नुकसान वाली जगह पर रिपेयरिंग की गई लेकिन उसे तब भी पूरा चैक किया जाता तो नई परिस्थिति नहीं उभरती। अभी आलम यह है कि ज्योति टॉकीज चौराहा, भेल, होशंगाबाद रोड और एमपी नगर से बोर्ड ऑफिस चौराहा होते हुए न्यू मार्केट, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स आने-जाने वालों के लिए यह रोड बेहद महत्वपूर्ण और व्यस्त रहती है। यहां से हर घंटे 8000 से ज्यादा वाहन गुजरते हैं।

## भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने गडकरी से की चर्चा

# भोजताल पर केबल-स्टे ब्रिज की कवायद दूरी घटने और समय बचने की दी दलीलें

भोपाल दोपहर मेट्रो

राजधानी में बड़ा तालाब पर केबल स्टे ब्रिज की बात ने फिर जोर पकडा है। 'कमाल का भोपाल' अभियान के माध्यम से राजधानी में सुगम, सुरक्षित और स्मार्ट यातायात की वकालत कर रहे क्रेडाई ने भी इसका समर्थन किया है। हाल में सांसद आलोक शर्मा द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष प्रस्तुत 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट पर यह प्रस्ताव आधारित है। क्रेडाई ने आग्रह किया है कि इस फ्लाईओवर को 25-26 की वार्षिक परियोजना प्राथमिकताओं में शामिल किया जाए ताकि राजधानी का यातायात, व्यापार, निवेश और जीवन की गुणवत्ता में जरूरी सुधार हो।

उल्लेखनीय है कि अभी शहर में पंजीकृत वाहनों की संख्या लगभग 15 लाख तक पहुँच चुकी है। प्रतिदिन औसतन 800 नए वाहन सड़कों पर उतरते हैं, जिससे वीआईपी रोड और लिंक रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर अत्यधिक दबाव उत्पन्न हो रहा है। राजा भोज हवाई अड्डे पर 2024-25 में यात्रियों की संख्या 15.7 लाख रही, एक वर्ष में 20त्न की वृद्धि, जिससे एयरपोर्ट कनेक्टिविटी की प्राथमिकता स्पष्ट होती है।




जबकि 6 महीनों में ही 1,464 दुर्घटनाएँ दर्ज की गई है जिनमें 131 मौतें हुई।

### प्रस्तावित केबल-स्टे ब्रिज

बताया जाता है कि यह दक्षिणी भोपाल को एयरपोर्ट और नॉर्थ भोपाल से जोड़ने वाला साबित व उपयोगी होगा। वीआईपी रोड पर प्रस्तावित लगभग 2 किमी लम्बा केबल-स्टे ब्रिज वाहनभार को पुनर्वितरित कर सकता है।

क्रेडाई के अध्यक्ष व कमाल का भोपाल अभियान' के फाउंडर मनोज मीक का कहना है कि भोपाल की आत्मा जल में बसती है, और विकास की गति सेतु में है। सांसद द्वारा राजा भोज की स्थापत्य परंपरा को आज की गति से जोड़ने का यह प्रशंसनीय प्रयास, राजधानी के भविष्य की रेखा खींच रहा है, लेकिन आवश्यक यह है कि आगामी सभी अधोसंरचना और परियोजनाओं को वैश्विक मानकों पर प्लान व डिज़ाइन किया जाए।

### दावा-बड़ा तालाब 'डिस्टर्ब' नहीं होगा !

बताया जाता है कि गडकरी के समक्ष प्रेजेंटेशन में इस बात पर जोर रहा कि भोपाल के खानूगांव और श्यामला हिल्स के बीच केबल स्टे ब्रिज की भोपाल को जरूरत इसलिये भी है क्योंकि इससे एयरपोर्ट-आरकेएमपी तक आने-जाने में 15 मिनट का समय बचेगा। कुल दूरी 17 किमी है, 4 किमी दूरी घटेगी। सांसद शर्मा का कहना है कि सिर्फ दो पियर पर केबल स्टे ब्रिज होगा। इससे तालाब डिस्टर्ब नहीं होगा। इसमें राजाभोज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक कुल 17 किमी लंबा मार्ग है। इसमें बड़े तालाब के ऊपर से 2 किलोमीटर का एलिवेटेड केबल स्टे ब्रिज बनाने की बात की गई।

**प्रतिपक्ष की कड़ी प्रतिक्रिया**

# फैसला: विधानसभा परिसर में विधायकों के प्रर्दशन पर रोक

भोपाल दोपहर मेट्रो

विधानसभा परिसर में विधायकों द्वारा प्रदर्शन आदि पर रोक लगाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस ने कहाहै कि कसरकार के दबाव में परिसर के अंदर प्रदर्शन करने और जनता की आवाज़ उठाने पर विधायकों को रोक लगाई गई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि विपक्ष लगातार विधानसभा अध्यक्ष से सदन की कार्यवाही को लाइव करने की मांग कर रहा है। इसके उलट, विधानसभा अध्यक्ष अब विधायकों को जनता के मुद्दे उठाने से भी रोक रहे हैं।

जबकि संविधान की धारा 194 विधायकों को विशेष शक्तियाँ देता है, जिसका इस्तेमाल कर वे जनता के हित से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाते हैं, अपनी बात रखते हैं और सरकार से जवाब मांगते हैं। सिंगार ने कहा कि विधानसभा में झूठे एवं फर्जी आँकड़े देने वाली सरकार खुद को एक्सपोज़ होने से बचाने के लिए अध्यक्ष पर दबाव बनाकर इस तरह के नियम और फरमान जारी करवा रही है। सरकार न विधानसभा की कार्यवाही को लाइव होने दे रही हैं, ना प्रदर्शन करने दें रही हैं और अब नारे लगाने पर भी रोक लगा रही हैं।



### विधानसभा सचिवालय ने विधायकों को भेजा पत्र

विधानसभा सचिवालय की ओर से सभी मंत्रियों और विधायकों को एक पत्र भेजा गया है। प्रमुख सचिव एपी सिंह ने परिपत्र में विधानसभा सचिवालय की ओर से विधायकों की सुरक्षा का हवाला देते हुए व्यवस्था में सहयोग करने की अपेक्षा की है। विधायकों से अनुरोध किया गया है कि अपने एक निज सहायक और वाहन चालक का नाम, वाहन नंबर के साथ प्रवेश पत्र कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें ।इस पत्र में कहा गया है कि विधानसभा अध्यक्ष के स्थायी आदेश 94(2) के तहत विधायकों के विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रर्दशन करने पर रोक लगाई गई है। वहीं विस के पूर्व प्रमुखसचिव बीडी इसरानी ने कहा है कि मेरी जानकारी में पहले कभी ऐसा आदेश जारी नहीं हुआ, जिसमें विधानसभा परिसर में विधायकों के नारेबाजी और प्रर्दशन करने पर रोक लगाई गई हो।

## भाभा विवि में 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में कुलपति,कुलसचिव समस्त संकाय के छात्र छात्राएं , शिक्षकगण की उपस्थिति में यातायात पुलिस भोपाल द्वारा नशा मुक्ति एवं यातायात की दुर्घटनाओं में होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में बताया एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए योगदान का आग्रह किया। सभी वक्ताओं ने विशेष कर भाभा विश्वविद्यालय के माली, मजदूर, वर्कशॉप के कर्मचारी एवं बस के ड्राइवर और छात्रों और छात्राओं को विशेष तौर पर इस और ध्यान आकर्षित किया गया और नशे से दूर रहने के सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात विभाग के सूबेदार महेश जगदेव प्रधान, आरक्षक गिरीश सारस्वत देवेंद्र लोधी और उदय संस्था की शीतल उपस्थित रहे । मुख्य अतिथियों यातायात पुलिस विभाग के अधिकारियों का गमला एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कर्मचारी मंच का ननि आयुक्त को पांच सूत्रीय ज्ञापन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे के नेतृत्व में भोपाल नगर निगम के आयुक्त हरेंद्र नारायण को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का एरियार शीघ्र भुगतान कराया जाएगा तथा अन्य मांगों पर भी समुचित कार्यवाही शीघ्र की जाएगी । पांडे ने बताया कि ज्ञापन में भोपाल नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जो 2016 में कार्यरत थे एवं वर्तमान में भी कार्यरत है उनको नियमित करने, पीएफ राशि जमा करने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 11 माह का एरियर भुगतान, 7 दिवस का आकस्मिक अवकाश एवं आठ दिवस का संवैतनिक अवकाश का लाभ आदि मांगे शामिल की गई है।

**साधु वासवानी स्कूल में हुआ सम्मान समारोह**

## मेधावी छात्रों का सम्मान, सिद्ध भाऊजी ने दिया सफलता का मंत्र

हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो

साधु वासवानी स्कूल में एक प्रेरणादायक पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने सिद्धभाऊजी के विचारों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके वचन छात्रों को उच्च



पदों पर पहुंचाने का माध्यम बनेंगे। श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने सभी विद्यार्थियों से आज से ही एक समय-सारणी (टाइम-टेबल) बनाकर हर विषय को समय पर पूरा करने का दृढ़ संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का कोई मोल नहीं है, और शिक्षित व्यक्ति को हर जगह सम्मान प्राप्त होता है। भाऊजी ने स्वस्थ रहने के महत्व पर भी बल दिया और छात्रों को अपने नाश्ते में अंकुरित अनाज शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित कर्नल नारायण पारवानी ने सम्मानित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी सफलता से आत्मसंतुष्ट न हों, बल्कि और भी बेहतर करने की सोचें।

**भोपाल समेत मप्र की 35 सड़कों में गड़बड़ी**

# ठेकेदार ब्लैकलिस्ट, पांच इंजीनियर्स पर हुआ एक्शन

भोपाल दोपहर मेट्रो

बारिश के कारण उखड़ी सड़कों और भवन निर्माण के मामले में लोक निर्माण विभाग ने छह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। वहीं सहायक यंत्री और उपयंत्री समेत पांच इंजीनियरों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एमपी सड़क विकास निगम के एमडी भरत यादव की अगुवाई में सड़कों की औचक जांच की रिव्यू मीटिंग में यह फैसला किया गया है।



बताया जाता है कि चीफ इंजीनियरों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि बारिश के कारण मार्गों पर जलभराव रोकने के लिये स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर कार्रवाई करें। जरूरत हो तो यातायात रोकने के निर्णय भी लिए जा सकते हैं। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने नर्मदापुरम, सिवनी, ग्वालियर, खरगोन, सीधी, उज्जैन और सागर जिलों में 35 सड़कों और निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया। चीफ इंजीनियरों की सात टीमों ने कुल 35 कार्यों को रैंडम आधार पर इंस्पेक्शन किया। इनमें 21 सड़क व पुल के काम, 6 कार्य प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट (भवन), 7 कार्य मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम और एक कार्य मध्यप्रदेश भवन विकास निगम का था। इंस्पेक्शन टीमों की रिपोर्ट की समीक्षा एमपी सड़क विकास निगम के एमडी भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। समीक्षा के दौरान कई कार्यों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

## आईएफएस वीएन अंबाड़े होंगे प्रदेश के अगले वन बल प्रमुख

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में वन विभाग के अगले वन बल प्रमुख वीएन अंबाड़े होंगे। मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई डीपीसी की बैठक में उनके नाम पर सहमति बन गई है, आदेश जारी होना बाकी है। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, मौजूदा मुख्य वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ के वन बल प्रमुख समेत अन्य पदाधिकारियों के सामने आईएफएस वीएन अंबाड़े के नाम पर सहमति बनी।

**वन विभाग निगम की जिम्मेदारी संभाल रहे अंबाड़े-** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) वीएन अंबाड़े वर्तमान में राज्य वन विभाग निगम के प्रबंध संचालक है, जो कि मप्र आईएफएस कैडर में सबसे वरिष्ठ अफसर हैं। वह लंबे समय तक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के विभिन्न कार्यालयों में सेवाएं दे चुके हैं। इसके पूर्व वन विभाग की वन्यप्राणी शाखा के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन रह चुके हैं। असल में 31 जुलाई को मौजूदा वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिसकी जगह अंबाड़े लेंगे। वह फरवरी 2026 में सेवानिवृत्त होंगे।

**मेट्रो एंकर** | **संस्कार विद्यालय में हुआ कार्यक्रम, कर्नल ने सुनाई युद्व की गाथा**

# कारगिल विजय दिवस: शहीदों को नमन, देशभक्ति का पाठ

हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो

दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, और कोषाध्यक्ष चंदर नागदेव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था सचिव बसंत चेलानी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमें न केवल शहीदों को याद करना चाहिए, बल्कि उनसे प्रेरणा भी लेनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि यदि हम सेना में नहीं जा सकते, तो



हमें अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और नियमों का पालन करते हुए देश सेवा करनी चाहिए। कर्नल नारायण पारवानी ने बच्चों को कारगिल युद्ध की पूरी जानकारी दी, जिसमें युद्ध की शुरुआत, सैनिकों द्वारा सामना की गई चुनौतियाँ और विजय गाथा शामिल थी।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हिमांशु शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने भी दो मिनट का मौन रखकर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष चंदर नागदेव ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### शहीद गेट पर किया पूर्व सैनिको का सम्मान

कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुनानक मंडल द्वारा ईदगाह हिल्स स्थित शहीद गेट पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य शौर्य और अद्वितीय पराक्रम को सलाम करते हुए रंगोली बनाकर दीप प्रज्वलित किए गए एवं भारत माता को पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व सैनिकों को शॉल श्रीफल भेंट कर पगड़ी पहना कर सम्मान किया गया। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों की बहादुरी और बलिदान का प्रतीक है। आज हम शहीद गेट पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित करके उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। हम उनके परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हैं और उनकी वीरता को सम्मानित करते हैं। इस अवसर पर देवेंद्र भार्गव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के महत्व को याद दिलाता है। हमें अपने सैनिकों की बहादुरी और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और हमेशा उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए।




विंध्य की विरासत से समृद्ध होगी
मध्यप्रदेश पर्यटन की पहचान
मध्यप्रदेश पर्यटन
क्षेत्रीय पर्यटन कॉन्क्लेव
26-27 जुलाई, 2025 | रीवा
अद्भुत वन्यजीवन-अनोखे गंतव्य
शुभारंभ
सायं 6:00 बजे। कृष्ण राज कपूर ऑडिटोरियम, रीवा, मध्यप्रदेश
एवं
कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम
सायं 5:00 बजे। सैनिक स्कूल परिसर, रीवा
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
पर्यटन विकास को नए आयाम
होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्रों में निवेश करने वाले 6 प्रमुख निवेशकों को प्रदान किए जाएंगे 'लेटर ऑफ अवॉर्ड'
पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में संचालित 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' की बुकिंग अब जुड़ेगी IRCTC पोर्टल से
ग्रामीण होम-स्टे अब मेक माय ट्रिप, यात्रा, ईज़ माय ट्रिप जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल एजेंसियों से जुड़ेंगे
2 प्रमुख डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों, Barcode Experiential और Qyuki Digital के साथ रणनीतिक साझेदारी हेतु एमओयू
शहडोल में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट का उद्घाटन युवाओं को मिलेंगे रोज़गार के अवसर
कला और हस्तशिल्प केंद्र स्थापित करने के लिए ग्राम सुधार समिति एमएम फाउंडेशन और समर्थ संस्था के साथ होगा अनुबंध
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
D-11071/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## संपादकीय

# व्यापार समझौते के संदेश

भारत और ब्रिटेन के बीच आखिरकार सिरे चढ़ गया मुक्त व्यापार समझौता ताजा वैश्विक संदर्भों में बहुत अहम है। इसे मौजूदा दौर में दुनिया भर में जारी बहुस्तरीय तनाव और दबाव की राजनीति के बीच एक बेहतर कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप ने इस बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से शुल्क के मोर्चे पर किस तरह का द्वंद्व खड़ा कर दिया है। हालांकि भारत ने अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किए गए किसी दबाव के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया है और उसने नए विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष के साथ गुरुवार को एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार में लगभग चौंतीस अरब डालर की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। दूसरी ओर, यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद ब्रिटेन का यह किसी देश के साथ सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण व्यापार समझौता है। इस समझौते से निन्यानबे फीसद भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश कारों, व्हिस्की और कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। गौरतलब है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को इस निष्कर्ष तक पहुंचने में करीब तीन वर्ष लगे। दरअसल, फिलहाल दुनिया जिस तरह शुल्क के मसले पर व्यापार युद्ध के कगार पर है, उसमें समझौते के हर बिंदु पर कानूनी जांच और आटोमोबाइल उद्योग के संदर्भ में शुल्क छूट से जुड़े मसलों पर विचार करना लाजिमी था। अगर यह द्विपक्षीय समझौता जमीन पर उतरता है, तो भारत के वस्त्र, जूते, समुद्री खाद्य पदार्थ, इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषणों का निर्यात ब्रिटेन के बाजार में और बेहतर पहुंच बना सकेगा। साथ ही भारत के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के लिए भी नई राह खुलने के मौके बनेंगे और इस तरह देश के युवा वर्ग और किसानों के लिए नई संभावनाओं का दरवाजा खुल सकता है। वहीं, ब्रिटेन के चिकित्सा उपकरणों और कल-पुर्जे जैसे उत्पाद अब भारत में अपेक्षा कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगे।हालांकि बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़े मसले पर आशंकाएं जताई जाती रही हैं, इसलिए भारत को आगे भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि स्वास्थ्य का अधिकार, सस्ती दवाओं की उपलब्धता और न्यायपूर्ण पेटेंट प्रणाली प्राथमिक चिंता की बात होनी चाहिए। भारत और ब्रिटेन के बीच यह द्विपक्षीय समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी शर्तों पर अन्य कई देशों को आर्थिक मसलों पर प्रभावित और संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की सुविधा के मुताबिक फैसले नहीं लेने पर बेलगाम शुल्क और इससे आगे पाबंदी लगाने तक की बात के बीच किस तरह का व्यापार समझौता सामने आएगा, यह समझा जा सकता है। दो देशों के बीच होने वाली बातचीत जब तक द्विपक्षीय और समान हित सुनिश्चित करने की नीति पर आधारित नहीं होगी, तब तक उसका हासिल भी कुछ ठोस नहीं निकलेगा। भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ ताजा करार इस बात का उदाहरण है कि दो देशों के बीच एक समझौते को कैसे एक बेहतर स्वरूप दिया जा सकता है। यूं तो विकसित देशों की ओर से जिस तरह अपने फायदे में शर्त आधारित संबंधों को कूटनीति का फार्मूला बनाया जाता रहा है, उसमें भारत को भी अपने हित के प्रति सजग और सतर्क रहने की जरूरत होगी। खास तौर पर अमेरिका की भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र में जिस तरह से निगाहें जमी हुई हैं वह भारत सरकार के लिए दुविधा का विषय है ही, यह तो साफ़ हो गया है कि भारत सरकार किसी भी सूरत में इस मामले में अमेरिका की शर्तें नहीं मानेगी, इसीलिए भारत समेत अन्य देश भी यदि अपने कारोबार के लिए अलग राह और अलग क्षेत्र की तरफ नजर जमाए है तो यहअमेरिकी हुक्मरानों की आंखों को खोलने के लिए काफी है।


# एक क्रांतिकारी कदम बन गया भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता

■ ललित गर्ग

भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की अंतिम स्वीकृति ने न केवल वैश्विक व्यापार जगत में हलचल मचा दी है, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य को भी एक नई दिशा दी है। दोनों देशों के बीच आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने का फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। इस समझौते से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अमेरिका बल्कि अन्य देशों को भी भारत की मजबूत होती स्थिति का आइना दिखाया है, जो उनकी दूरगामी एवं कूटनीतिज्ञ राजनीति का द्योतक है। इस समझौते को मौजूदा दौर में दुनियाभर में जारी बहुस्तरीय तनाव, दबाव एवं दादागिरी की राजनीति के बीच एक बेहतर एवं सूझबूझभरी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने शुल्क के मोर्चे पर एक बड़ा द्वंद्व एवं संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन भारत ने इस द्वंद्व के बीच झूकने की बजाय नये रास्ते खोजे हैं। निश्चित ही यह व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) महज एक कागज़ी करार नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न को मूर्त रूप देने की ठोस रणनीति है। जहां एक ओर यह समझौता 99 प्रतिशत टैरिफ को समाप्त कर वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, कृषि व रत्न-आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नई उड़ान देगा, वहीं दूसरी ओर छोटे उद्यमों, मछुआरों और किसानों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाएगा। भारत के ग्रामीण अंचलों से हल्दी, दाल, अचार जैसे उत्पाद अब ब्रिटिश बाजारों में अपनी महक फैलाएंगे।

मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार से गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता पर जोर दिया, उसी का परिणाम है यह करार। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अब भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुका है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए विश्व से संवाद करता है। यह समझौता सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, यह सेवा क्षेत्र, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, निवेश, सामाजिक सुरक्षा, और दोहरे कराधान जैसे क्षेत्रों में भी भारतीयों के लिए नए दरवाज़े खोलता है। खासकर ब्रिटेन में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए यह राहत का संदेश है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट मिल सकेगी। यह समझौता इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किये गये किसी दबाव के आगे भारत ने झुकना स्वीकार नहीं किया और उसने भारत-ब्रिटेन जैसे नये विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाये हैं।

ब्रिटेन के साथ यह एफटीए एक उदाहरण है कि कैसे भारत न्यायसंगत और समावेशी व्यापार समझौते कर सकता है, जिसमें न तो अपने किसानों, न ही डेयरी क्षेत्र या छोटे उत्पादकों को नुकसान होता है। भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों को समझौते से बाहर रखकर आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा की अपनी नीति को बरकरार रखा है। वर्तमान में भारत का वैश्विक व्यापार लगभग 21 अरब डॉलर है,



जो इस समझौते के बाद 2030 तक 120 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना रखता है। यह न केवल विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग हिस्सेदारी को 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सहायक होगा। इस करार के साथ, मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि जब नियोजित दृष्टिकोण, वैश्विक प्रतिष्ठा और साहसिक निर्णय साथ चलते हैं, तो भारत जैसे विकासशील देश भी वैश्विक मंच पर निर्णायक बन सकते हैं।

भारत और ब्रिटेन के बीच सीईटीए के अस्तित्व में आने से एक नये आर्थिक सूर्य का उदय हुआ है, जिससे रोजगार सहित अनेक उन्नत राष्ट्र-निर्माण के अवसर सृजित होंगे। सीईटीए की संकल्पना आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अन्य देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप ही है। यह मोदी सरकार की भारत को 2047 तक विकसित बनाने की संकल्पना से जुड़ी रणनीति का एक हिस्सा है। मोदी सरकार ने भारत को तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने के अपने संकल्प में नये पंखों को जोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को फिर से स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई है। विकसित देशों के साथ एफटीए इस रणनीति के केंद्र में है। ऐसे समझौते व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं को दूर करके निवेशकों का विश्वास बढ़ाते हैं। पिछली यूपीए सरकार ने भारत के व्यापारिक दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने वाला रवैया अपनाया था, लेकिन अतीत की उन बड़ी भूलों को सुधारा जा रहा है, जो नये भारत-विकसित भारत का आधार है।

मोदी के मेड इन इंडिया संकल्प की दृष्टि से यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजों पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेंगी। जिससे आम लोगों को अधिक गुणवत्ता वाला सामान सस्ते में सुलभ होगा और जीवनस्तर में व्यापक सुधार होगा। डील से एक बड़ा फायदा होगा टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को। इनसे मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8 प्रतिशत है, जबकि चीन की 28.8 प्रतिशत। इसी तरह, देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17 प्रतिशत है और सरकार इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है। इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा। कृषि सेक्टर को भी उन्नत बनाने एवं अधिक उत्पाद की दृष्टि से व्यापक फायदा होगा। इसके लिए इस समय भारत की बातचीत अमेरिका से भी चल रही है। लेकिन वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा नहीं कर सकता। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

क्रांतिकारी सुधारों, नवाचार, तकनीक, कारोबारी सुगमता और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आर्थिक सूरज के रूप में उभारने में मदद की है, जहां विपुल संभावनाएं हैं। आज दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है और भारत की अद्भुत विकासगाथा का हिस्सा बनना चाहती है। प्रमुख देशों द्वारा एक के बाद एक एफटीए इसी मान्यता की पुष्टि करते हैं। ब्रिटेन के साथ यह व्यापार समझौता बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के एफटीए वस्तुओं और सेवाओं से कहीं आगे तक सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं नागरिक हितों तक जाते हैं। आस्ट्रेलियाई एफटीए के साथ भारत ने दोहरे कराधान का मुद्दा सुलझाया, जो आईटी कंपनियों की परेशानी बढ़ा रहा था। ब्रिटेन के साथ समझौते का एक अहम बिंदु दोहरे अंशदान से जुड़ा है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं, अस्थायी भारतीय कर्मियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों को अब अनेक सुविधाएं मिलेगी।

साल 2014 के बाद से भारत ने मॉरिशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री व्यापारिक समझौते किये हैं। ईएफटीए का अर्थ है यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ। यह एक क्षेत्रीय व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार क्षेत्र है जिसमें चार यूरोपीय देश शामिल हैं- आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड। यूरोप से बातचीत जारी है, जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। अर्थ-व्यवस्था के मोर्चे पर आने वाली चुनौतियों से निपटने में ऐसे समझौते सहायक होंगे। इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील होती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर कदम बढ़ेंगे। लेकिन ब्रिटेन से समझौता केवल व्यापार नहीं, भविष्य का निर्माण है। यह कृषि को समृद्धि, उद्योग को विस्तार, युवाओं को अवसर, और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर सशक्त करता है। निश्चित ही जहां बाजार बनते हैं अवसरों के, वहीं नीति बनती है भविष्य की नींव। भारत और ब्रिटेन के इस करार से विश्व सुनेगा अब भारत की गूंज!

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का इतिहास

- 1788- न्यूयॉर्क अमेरिका का 11वां राज्य बना।
- 1844- भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म।
- 1876 - कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना।
- 1945 - विंस्टन चर्चिल ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- 1951 - नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध खत्म किया।
- 1953- कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फ़िदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा की क्रांति की शुरुआत।
- 1956 - मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्देल नासिर ने स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण किया।
- 1957- ग्वाटेमाला के तानाशाह कार्लोस कैस्टिलो अरमास की हत्या।
- 1965 - मालदीव ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।
- 1974 - फ्रांस ने मुरूओरा द्वीप में परमाणु परीक्षण किया।
- 1993 - दक्षिण कोरिया में बोइंग विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 66 यात्री मारे गए।
- 1994 - तुर्की वायु सेना द्वारा कुर्द में की गई बमबारी में 70 लोग मारे गए।
- 1997 - श्रीलंका ने क्रिकेट एशिया कप जीता।
- 1997 - खमेर रूज के नेता पोलपोट को आजीवन कारावास की सजा।
- 1998 - महिला एथलीट जैकी जायनर कर्सी ने एथलेटिक्स से संन्यास लिया।
- 1999 - कारगिल विजय दिवस, भारत-पाकिस्तान कारगिल युद्ध में भारत की जीत का जश्न।
- 2000 - फिजी में विद्रोही नेता जार्ज स्पीट को सेना ने गिरफ्तार किया।
- 2002 - इंडोनेशिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति सुहातो के पुत्र को 15 वर्ष कारावास की सजा सुनाई।
- 2005 - मुंबई में बरसात से जनजीवन ठप, एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत।
- 2005 - नासा शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण।

2007- पाकिस्तान ने परमाणु मिसाइल बाबर हत्फ़-7 का सफल परीक्षण किया।

- 2008 - यूरोपीय वैज्ञानिकों ने सौर मंडल के बाहर एक और नए ग्रह की खोज की।
- 2008 - गुजरात के अहमदाबाद में 21 धमाके, 56 लोग मारे गए और 200 से ज्यादा जख्मी।
- 2012 - सीरिया में हिंसक घटनाओं में एक दिन में करीब 200 लोगों की मौत।
- 2013 - पाकिस्तान के पराचिनार में बम धमाका, 57 लोगों की हुई मौत
- 2016- सौर इम्पल्स 2 पृथ्वी पर सर्कविगेट करने वाला पहला सौर-संचालित विमान बना।
- 1865 - रजनीकांता सेन, कवि का जन्म दिवस।
- 1927 - गुलाबराई रामचंद, क्रिकेटर का जन्म दिन।
- 1928 - इब्न-ए-सफ़ी, शायर का जन्म दिवस।
- 1972 - जुगल हंसराज, अभिनता का जन्म दिवस।
- 1986 - मुग्धा गोडसे, अभिनेत्री का जन्म दिवस।

**संसार में कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें सांसारिक उचित, अनुचित, पुण्य-पाप और न्याय-अन्याय के मापदण्ड से नापा नहीं जा सकता। दूसरों के मत से उन प्रतिभाओं को बाँधा नहीं जा सकता।**

**- सर्वदानन्द**

# एक्सपायरी दवाओं से बढ़ता पर्यावरणीय संकट

■ दीपिका अरोरा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अनुसार, सभी दवाओं पर समापन तिथि अंकित होना अनिवार्य है। निर्माता आमतौर पर दवा की गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समापन तिथियों का रूढ़िवादी अनुमान प्रदान करते हैं। एक्सपायर दवाइयां रखना अथवा इनका सेवन करना जितना ज़ोखिमपूर्ण हो सकता है, उससे कहीं अधिक घातक सिद्ध होता है इनका असुरक्षित निपटान। एक अध्ययन के मुताबिक़ 60 प्रतिशत से अधिक लोग निस्तारण निर्देशों से सर्वथा अपरिचित हैं।

भारतवर्ष में 'बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016' के आधार पर अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लिनिक, डायग्नोस्टिक लैब और मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थानों को अपने यहां उत्पन्न होने वाला मेडिकल वेस्ट सुरक्षित तरीके से एकत्रित करके अधिकृत ट्रीटमेंट फैसिलिटी तक पहुंचाना होता है। नियमों के तहत, फार्मेसियों तथा अस्पतालों में भी दवाओं के लिए अलग से मेडिसिन ड्रॉप बॉक्स-कंटेनर आदि रखे जा सकते हैं, जिससे रोगी पुरानी या एक्सपायरी दवाइयां लौटा सकें।घरेलू स्तर पर अनुपयोगी दवा निस्तारण संबद्ध व्यवस्था खंगालें तो इस संदर्भ में कोई स्पष्ट नीति नहीं। वास्तव में, देश के अनेक शहरों में अभी तक कोई आधिकारिक या व्यवस्थित सिस्टम नहीं बन पाया। न तो एक्सपायर दवाइयों को निपटाने हेतु कोई ठोस संग्रहण नीति बनी है, न ही अपेक्षित सतर्कता को लेकर पर्याप्त जन-जागरूकता अभियान ही चलाए जाते हैं। कतिपय प्रयत्न यदि होते हैं तो अधिकतर निजी संस्थानों या समाजसेवकों के हवाले से ही।

एक्सपायरी दवाइयां समय के साथ विषाक्त रसायनों में परिवर्तित होने लगती हैं। समुचित निस्तारण न हो तो इनका दुष्प्रभाव समूचे पर्यावरण को विषैला बना सकता है। ज्यादातर मामलों में दवाएं शौचालय में बहाना जीवों, पर्यावरण और जलापूर्ति के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। बावजूद इसके, 2020 की एक शोध-समीक्षा के मुताबिक़, अनुपयोगी दवा निपटान प्रबन्धन के अभाव के चलते, कई



देशों में रोगियों द्वारा पुरानी-एक्सपायरी दवाएं कचरे में फेंकना अथवा सीवर में बहाना निस्तारण का सबसे आम तरीका पाया गया।

भारत के बड़े शहरों में भी कमोबेश यही स्थिति है। कूड़े के ढेर में मुंह मारते आवारा पशु अथवा कुत्तों-कौओं के झुंड भक्ष्य पदार्थों की खोज में अक्सर असावधानीपूर्वक फेंकी गई दवाएं भी निगल जाते हैं। शरीर के लिए अहितकारी रसायनों से उनकी मौत तक हो सकती है। सिंक या शौचालय में बहाई दवाइयां शहर के सीवरेज़ सिस्टम से होती हुई नदियों और भूमिगत जल में जा मिलती हैं। दवा में मौजूद विषाक्त रसायन जहां मिट्टी की उर्वरकता प्रभावित करते हैं, वहीं इससे पेयजल दूषित होने की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। सीवेज सिस्टम में मौजूद दवाओं के तत्व जलीय जीवन को क्षति पहुंचाते हैं। जलापूर्ति में दवाओं की न्यूनतम मात्रा भी मानव स्वास्थ्य के लिए ख़तरा उत्पन्न करती है। कुछ दवाएं एंडोक्राइन डिसरप्शन का कारण बन सकती हैं, इससे मछलियों और मनुष्यों में हार्मोनल असंतुलन देखा गया। पानी में दवाओं की सूक्ष्म मात्रा एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध बढ़ा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इसे वैश्विक स्वास्थ्य संकट मानता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट का सहारा लेना पड़ता है।

अप्रयुक्त दवाइयों के निपटान का सर्वोत्तम तरीका है, अपने आस-पास स्थित किसी दवा वापसी केंद्र का इस्तेमाल करना। भारत में कुछ प्राइवेट फार्मेसियां यह सुविधा देती हैं। वर्ष, 2021 के दौरान तिरुवनंतपुरम में शुरू किया गया पायलट प्रोजेक्ट 'प्राउड' (अप्रयुक्त दवाओं को हटाने पर कार्यक्रम) इसी ध्येय पर आधारित रहा। प्रोजेक्ट के तहत 21 टन अनुपयोगी औषधियां संयोजित करके नष्ट की गईं। तत्पश्चात पूरे राज्य में लागू करने संबंधी निर्णय लेकर, केरल सरकार ने इसे अधिक संरक्षित तथा व्यापक रूप में विकसित करते हुए 22 फरवरी, 2025 को 'एनप्राउड' की नींव रखी। भारत में अपने प्रकार की यह पहली परियोजना है।

अनुपयोगी दवाओं से उपजने वाले ख़तरे भांपते हुए अन्य राज्यों को भी इस दिशा में अवश्य पहल करनी चाहिए। प्रत्येक स्तर पर स्थित निजी अस्पतालों या फार्मेसियों में बड़े स्तर पर मेडिसन ड्रॉप बॉक्स अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। इस विषय में शैक्षणिक संस्थानों के ज़रिए व सामाजिक मंचों के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता फैलाना भी ज़रूरी है। सचेत नागरिक होने के नाते हमें भी अपनी आदत बदलनी होगी। औपचारिक विकल्प उपलब्ध न होने की स्थिति में गोलियां कुचले-तोड़े बिना एक सीलबंद प्लास्टिक बैग में कॉफी, चायपत्ती या गंदगी जैसे अभक्ष्य पदार्थों के साथ मिलाकर, सुरक्षित कचरा पात्र में फेंक सकते हैं। इससे जहां बच्चों या जानवरों के आकस्मिक अंतर्ग्रहण को रोकने में मदद मिलेगी, वहीं जल प्रदूषण व जलीय जीवन की क्षति का अंदेशा भी घटेगा। हालांकि, यह दृष्टिकोण आदर्श नहीं है। दवाओं की बर्बादी कम करने का सबसे सरल उपाय है, अच्छा स्टॉक प्रबंधन। आवश्यकतानुसार ऑर्डर देने तथा नियमित रूप से दवाओं का रोटेशन सुनिश्चित करने से काफी हद तक यह बर्बादी घट सकती है। घरेलू स्तर पर भी यही बात लागू होती है। मुद्दा जब पर्यावरण एवं जैवहित से जुड़ा हो तो क्यों न समूचे तौर पर इसे संजीदगी से लिया जाए?

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## निशाना

### बदल सकते डेरा !



रुख हो रहा नरम ।
बदल रहे बयान ।।
लगता आगे अलग ।
नया कुछ सम्मान ।।
क्या कहती नजदीकियां ।
लग रहे कयास ।।
हो शामिल इस दल में ।
बन न जाएं खास ।।
लगता वो भी राह अब ।
अलग रहे तलाश ।।
सूत्र भी लगभग अब ।
डाल रहे प्रकाश ।।
कर के रहेंगे फिर तो ।
नया अब सबेरा ।।
निकली सच्ची बात तो ।
बदल सकते डेरा ।।

\- कृष्णेन्द्र राय

# लगातार बारिश से तवा डैम के पांच गेट खुले

**नर्मदापुरम।** जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते तवा डेम के पांच गेटों को खोलकर तवा नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। दोपहर में डेम के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश हुई है जिसके चलते बांध प्रबंधन ने पहले ही गेट खोलने का निर्णय ले लिया था। शाम 6 बजे गेट खोलने के बाद तवा डैम का वर्तमान जल स्तर 1159.90 फीट होने से गेट खोलकर 55680 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। 31 जुलाई तक बांध में 1158 फिट पानी रखना है। जलस्तर इससे अधिक हो गया है, अतः अतिरिक्त पानी निकाला जा रहा है। कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना संभाग अंकित सराफ के अनुसार मौसम विभाग द्वारा आगामी 24 घंटे हेतु जारी ऑरेंज अलर्ट चेतावनी, तथा तवा बांध के जल संग्रहण क्षेत्र में हो रही निरंतर वर्षा से बांध में जल की आवक को देखते हुए, तवा बांध के बढ़ते जलस्तर को स्थिर रखने हेतु तवा बांध के पांच गेटों को 7 फीट खोलकर 55680 क्यूसेक अतिरिक्त जल की निकासी की जा रही है। उन्होंने तवा एवं नर्मदा नदी के किनारे बसे हुए गांव के लोगों को सतर्क रहने व नदी किनारे न जाने की सलाह दी है।



# फिटनेस, परमिट, पीयूसी, इंश्योरेंस सहित अन्य दस्तावेज रखे जाएं अपडेट: आरटीओ

**नर्मदापुरम।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा की अध्यक्षता में ऑटो रिक्शा चालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिवनी मालवा, नर्मदापुरम ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा संचालक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य गति दिवस के दौरान की गई वाहन जांच में सामने आई कमियों को दूर करना और संचालन को नियमानुसार बनाना रहा। चालकों को निर्देशित किया कि वे आगामी 15 दिवस के भीतर अपने ऑटो रिक्शा के फिटनेस प्रमाण पत्र, वैध परमिट, पीयूसी, इंश्योरेंस तथा ड्राइविंग लाइसेंस को अपडेट कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ये सभी दस्तावेज वाहन के साथ उपलब्ध रहें एवं किसी भी समय जांच के लिए प्रस्तुत किए जा सकें। आरटीओ ने कहा कि ऑटो रिक्शा में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को ना बिठाएं। बच्चों के ऑटो रिक्शा में ओवरलोडिंग ना की जाए साथ ही ड्राइवर सीट पर भी बच्चों को ना बिठाया जाए।

## जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में नगर के विद्यार्थी हुए चयनित



**गंजबासौदा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के इनडोर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में नगर के खिलाड़ियों ने संभागीय प्रतियोगिता के लिए स्थान पक्का किया है। जिसमे सीनियर 19 बालिका वर्ग में हिमांशी विश्वकर्मा, कशिश राजपूत, नैना पांडे नेहा रैकवार ने तथा 17 बालक वर्ग में दीपेश विश्वकर्मा ने और 17 बालिका वर्ग में कनक तोमर, कनक राजपूत, प्राची नामदेव का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विदिशा कराटे एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कृष्णा गोपाल जोगी और विदिशा कराटे एसोसिएशन की सचिव कोच इशिका मैना ने इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभाई। यह प्रतियोगिता विद्यालय के प्राचार्य एमसीशर्मा के मार्ग दर्शन में तथा ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र कुमार जैन की उपस्थित सम्पन्न हुई। इस दौरान खेल युवक कल्याण विभाग की कॉर्डिनेटर नूरजहां बानो भी उपस्थित रही।

## प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर नपाध्यक्ष का किया सम्मान



**गंजबासौदा।** नगरपालिका अध्यक्ष शशि यादव को पिछड़ा वर्ग महापंचायत मध्यप्रदेश का प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर श्री विश्वकर्मा वंशी सेना के पधादिकारियों नें निवास पर पहुंचकर बधाई शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव का फूल मालाओं एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। शुक्रवार को सभी उनके निवास पर पहुंचे और उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में शिवचरण पांचल, राजनारायण विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, भूपत विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, किशनलाल विश्वकर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा भबूती विश्वकर्मा, बलराम विश्वकर्मा, पूरन विश्वकर्मा, आलोक विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## प्रथम गुरु मां होती है, जिनसे बालक में संस्कारों का बीजारोपण होता है।


**मंडीदीप।** सरस्वती शिशु मंदिर मंडीदीप में भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में एक विशेष प्रेरणादायक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर सभाकांत द्विवेदी एक्सीलेंस कॉलेज भोपाल से मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए। प्रो. द्विवेदी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में व्यास गादी, पूजा पद्धति और गुरु का जीवन में महत्व* जैसे विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन की प्रथम गुरु माता होती हैं,जिनके माध्यम से बालक के भीतर संस्कारों का बीजारोपण होता है। गुरु न केवल ज्ञान का स्रोत होता है,बल्कि वह जीवन के मार्ग को आलोकित करने वाला दीप स्तंभ भी होता है।

## युवाओं को नशे से बचाने एसडीओपी ने दिया प्रेरणादायक संदेश




**सिवनी मालवा।** अनुविभाग के शिवपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान एवं शिवपुर थाना पुलिस स्टाफ द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी महेंद्र चौहान ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गंभीर असर डालता है। युवाओं को इससे दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया।

## भगवान ने इंद्र का अभिमान तोड़ने उठाया गोवर्धन- आचार्य अविनाश



**नर्मदापुरम.** तवानगर में चल रही भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास अविनाश तिवारी ने बताया कि जब भगवान कृष्ण ने इंद्र की पूजा को रोककर गोवर्धन पर्वत की पूजा कराई तो इंद्र को क्रोध आ गया और अपने अभिमान में आकर उसने ब्रजमंडल में प्रलय के समान वर्षा कराई। जब ब्रज वासियों ने भगवान से प्रार्थना की तो भगवान ने इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए गिरिराज पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर धारण किया और ब्रजवासियों की रक्षा की। भागवत कथा के पंचम दिवस बड़ी संख्या में गांव और आस पास के क्षेत्र के श्रद्धालु और महिला पुरुष कथा का श्रवण कर लाभ ले रहे हैं।।

**विडंबना :** प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री के गृह जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का ऐसा हाल

# आरोग्य केन्द्रों पर लटके रहते हैं ताले उपचार के लिए भटकते हैं मरीज

**अमित श्रीवास्तव। औबेदुल्लागंज**

आयुष्मान आरोग्य केंद्र के माध्यम से स्वास्थ सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रो में सुलभ बनाना सरकार का उद्देश्य है। जिससे स्वास्थ सेवाओं को डिजीटल रिकॉर्ड किया जा सके और ग्रामीण क्षेत्रो में आमजन को स्वास्थ सेवाओं के लिए दूर तक न जाना पड़े। लेकिन कर्मचारियों और अधिकारियों की साँठ-गाँठ के चलते इन आरोग्य केंद्रों पर ज्यादातर ताले लटके रहते हैं। समय पर आरोग्य केंद्र नहीं खुलने से गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु का इलाज कराने आने वाली माताएं और शारीरिक रूप से अक्षम और बुजुर्ग मरीज परेशान हो रहे हैं।

औबेदुल्लागंज ब्लॉक में कुल 29 आरोग्य केंद्र संचालित हैं। जिनमे ज्यादातर पर आएदिन ताले लटके रहते हैं इसकी बानगी ग्राम बिनेका बोरपानी में देखने को मिलती है। आरोग्य केंद्र सप्ताह में व मुश्किल एक या दो दिन ही खुल रहा है। खुलता भी हैं तो कुछ ही समय के लिए ज्यादातर इस आरोग्य केंद्र में ताले लटके रहते हैं जिससे कि समय पर गर्भवती महिलाओं को दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पा रही है। साथ ही इन की जाँचे भी समय पर नहीं हो रही हैं कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर कभी कभार ही अरोग्य केंद्र पहुँचती हैं जिसके कारण मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। आरोग्यम केंद्र इलाज कराने आई महिला ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आरोग्य केंद्र कभी कभार खुलता है यहां किसी प्रकार की कोई जांच नहीं हो पाती ना ही समय पर दवाइयां मिल पाती हैं। गर्भवती महिलाओं की बिना जांच के ही एमसीपी कार्ड भर दिए जाते हैं जो ऑनलाइन तो पूरा रिकार्ड बताते हैं लेकिन वास्तविकता में कार्ड पर किसी तरह की कोई एंट्री नहीं होती। हम इलाज कराने आते हैं ताला लटका देखकर वापस लौट जाते हैं। कई बार तो इलाज के लिए सुल्तानपुर स्वास्थ केंद्र या गौहरगंज स्वास्थ केंद्र भागना पड़ता है।




### सीएम हेल्प लाइन में की गई शिकायत को वापस लेने के लिए बनाया जा रहा है दवाब

स्थानीय निवासी सुनील नायक ने बताया कि मेरे बेटे को उल्टी दस्त हो रहे हैं। तीन दिन से दवाई के लिए यहाँ आ रहा हूँ पर हमेशा ताला लटका रहता है। पूर्व में मेरे द्वारा आरोग्यम केंद्र न खुलने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई है परंतु आरोग्य केंद्र ना तो समय पर खुल रहा है ना ही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ने इसको गंभीरता से लिया हैं बल्कि उल्टा मेरे ऊपर सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने का दवाब अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा हैं।

> औबेदुल्लागंज ब्लॉक की जानकारी मुझे आज ही प्राप्त हुई हैं। आरोग्य केंद्र पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर टाइम पर नही पहुँच रहे हैं इस संबंध में जानकारी लेकर नियमानुसार कार्यवाही कि जायेगी।
>
> **हरिनारायण मांढरे** जिला चिकित्सा अधिकारी

### नवजात को इलाज के लिए गौहरगंज लेकर आना पड़ रहा

स्थानीय निवासी मधु नायक ने बताया कि 20 दिन पहले मेरे यहाँ शिशु का जन्म हुआ है। पिछले तीन दिन से उसे बुखार आ रहा हैं रोज आरोग्य केंद्र जा रही हूँ। वहाँ ताला लटका मिलता है। अब मजबूरी में आशा कार्यकर्ता को लेकर गौहरगंज इलाज के लिए आना पड़ा हैं।



# स्मार्ट मीटर को लेकर डरे हुए हैं उपभोक्ता

**सिवनी/मालवा। दोपहर मेट्रो**

श्रेत्र में लगातार कुछ दिनों से देखने में आ रहा है कि स्मार्ट मीटर को विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जबरदस्ती लोगों के घरों में लगाया गया है, जिससे स्मार्ट आम जन में एक भय का वातावरण बना हुआ है। आम जनता का कहना है कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग बहुत तेज चल रही है, तो वहीं कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के माध्यम से भी प्रकाशित किया गया कि स्मार्ट मीटर अन्य मीटर की तुलना में तेज भाग रहे है। जिससे जनता की जेब और बजट पर खासा असर पड़ेगा। फायदा सिर्फ ठेकेदार को होगा जिससे आम जनता में आक्रोश के साथ-साथ भय का वातावरण भी बन गया है। साथ ही बिजली विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा यह भी कहा गया कि मानव रहित प्रणाली के लिए यह स्मार्ट मीटर कारगर होगा तो इसका आशय यह माना जाए की लाखों की संख्या में आउटसोर्स पर जो कर्मचारी है। उनके बेरोजगार होने की पूर्ण संभावना है और सबसे बड़ा सवाल जब उपभोक्ता नहीं चाहता स्मार्ट मीटर लगवाना तो जबरदस्ती स्मार्ट मीटर क्यों लगाए जाएं, ऐसी कौन सी मजबूरी कि विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी जबरदस्ती लोगों के घरों के सामने लगे मीटर को बदल रहे हैं। पिछले दिनों अन्य जिलों में देखा गया की बंदूक की नोक पर किस प्रकार से मीटर बदलने का काम किया जा रहा है। जिला कांग्रेस की ओर से ज्ञापन सौंपकर अधिकारियों से कहा गया कि जनता को भय के वातावरण से मुक्त करने हेतु उचित कार्यवाही करें और शहर में जो एक आक्रोश पनप रहा है उसका निराकरण करें। कांग्रेस हमेशा जनता की लड़ाई के लिए सड़क से लेकर विधानसभा, संसद तक लड़ने के लिए तैयार है।



# गौशालाओं को समय पर उपलब्ध कराया जाए अनुदान : कलेक्टर



**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला गोपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया। बैठक के दौरान जिले में संचालित गौशालाओं को प्रदान की जा रही अनुदान राशि की गौशालावार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गौशालाओं को नियमित रूप से अनुदान राशि उपलब्ध कराई जाए, एवं यदि किसी माह में अनुदान प्रदाय में अंतराल हुआ हो, तो उसकी समीक्षा कर जिला पंचायत सीईओ एवं संबंधित जनपद सीईओ के माध्यम से निर्धारित मापदंडों की पूर्ति करते हुए राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग को विशेष रूप से कार्यवाही के निर्देश दिए गए। एसपीसीए समिति के अंतर्गत घायल एवं बीमार निराश्रित पशुओं की देखरेख के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। पशु क्रूरता पर सख्ती से कार्यवाही की जाए।

**मेट्रो एंकर** — उज्जैन में स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर केंद्रित कार्यशाला

# मप्र में उद्योग लगाना सिर्फ एक सपना नहीं, बल्कि एक सहज प्रक्रिया है

**उज्जैन। दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश अब केवल निवेश प्रस्तावों का स्वागत करने वाला राज्य नहीं, बल्कि उद्योगों और उद्यमियों का भागीदार बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक नई कार्य संस्कृति विकसित की है जहां नीतियों की घोषणा कागज़ों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि ज़मीन पर उनके क्रियान्वयन का वास्तविक प्रभाव दिखता है। यही कारण है कि हाल के दिनों में उज्जैन, शाजापुर और इंदौर में आयोजित तीन विशिष्ट कार्यशालाएं इस प्रयास का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई हैं।

उज्जैन में आयोजित स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज, और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर केंद्रित कार्यशाला में बड़ी संख्या में नए उद्यमियों, निवेशकों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सिंगल विंडो सिस्टम, ऑटोमैटिक अनुमतियां, ऑनलाइन एप्लिकेशन ट्रैकिंग और जन विश्वास अधिनियम जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस वर्कशॉप का मूल उद्देश्य यह संदेश देना था कि अब मध्यप्रदेश में उद्योग लगाना सिर्फ एक सपना नहीं, बल्कि एक सहज प्रक्रिया है।




मुख्यमंत्री द्वारा आरंभ किए गए स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज अभियान की चर्चा विशेष रूप से हुई, जिसमें 30 दिन के भीतर सभी औपचारिकताओं के साथ व्यवसाय शुरू करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह पहल देशभर में सराहना प्राप्त कर चुकी है और निवेशकों के बीच मध्यप्रदेश को एक भरोसेमंद गंतव्य के रूप में स्थापित कर रही है। प्रदेश में संचालित लगभग 12 लाख एमएसएमई इकाइयां अब केवल लघु उद्योग नहीं, बल्कि निर्यात और नवाचार की धुरी बन रही हैं। वर्कशॉप्स में इस क्षेत्र पर विशेष बल दिया गया, और बताया गया कि किस तरह मुख्यमंत्री की प्राथमिकता पर एमएसएमई को नई योजनाओं और प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है।

### जिला स्तर पर निर्यात क्षमता की पहचान

शाजापुर में 'एक्सपोर्ट प्रमोशन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में यह स्पष्ट हुआ कि अब राज्य सरकार निर्यात को केवल महानगरों तक सीमित न रखकर, जिला और ग्रामीण स्तर तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेषज्ञों ने उपस्थित 100 से अधिक उद्यमियों को निर्यात के विभिन्न चरणों पंजीयन, प्रमाणीकरण, ब्रांडिंग, जोखिम प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय बाज़ार की पहुँच पर मार्गदर्शन दिया। 13 नए निर्यातकों ने पंजीयन कराकर इस प्रयास को और अधिक व्यावहारिक बना दिया।

### संवाद के नए आयाम-कॉफी विद एक्सपोर्टर्स

इंदौर में 'कॉफी विद एक्सपोर्टर्स' कार्यक्रम ने राज्य सरकार और निर्यातकों के बीच एक नए तरह का विश्वास स्थापित किया। अनौपचारिक माहौल में हुए इस संवाद में डाक विभाग सहित कई तकनीकी संस्थानों ने हिस्सा लिया और निर्यातकों को व्यावहारिक जानकारी से अवगत कराया। 15 यह कार्यक्रम न केवल जानकारियों के आदान-प्रदान का मंच बना।

# महेश्वर से निकली कांवड़ यात्रा, हुआ दुग्धाभिषेक

**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**

श्रावण मास के पावन अवसर आज महेश्वर में एक अद्भुत आध्यात्मिक दृश्य देखने को मिला। हजारों शिवभक्तों की उपस्थिति में गूंजते हर हर महादेव के नारों के बीच महेश्वर से कांवड़ यात्रा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए रवाना हुई। महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने पवित्र नर्मदा नदी का दुग्धाभिषेक कर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया। जहां यह 28 जुलाई को जलाभिषेक के साथ सम्पन्न होगी। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत महेश्वर घाट पर मंत्रोच्चार व पूजन के साथ हुई। विधायक मेव ने संकल्प लेकर नर्मदा नदी को दुग्ध अर्पित किया और कांवड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं ने भी यात्रा में भाग लिया।




### महेश्वर बना पहली पसंद

श्रावण मास के पहले सोमवार को इंदौर के विधायक गोलू शुक्ला ने भी महेश्वर से कांवड़ यात्रा निकालकर महाकालेश्वर, उज्जैन में जल चढ़ाया था। यह उनका वार्षिक आयोजन है। वहीं, राजकुमार मेव भी हर वर्ष महेश्वर से कांवड़ यात्रा निकालते हैं। इस तरह महेश्वर दोनों जनप्रतिनिधियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देखीं स्वास्थ्य सुविधाएं, दिए दिशा-निर्देश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर देर शाम औचक निरीक्षण करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा पहुंचे जहां उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाएं देख, स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने विस्तार से निरीक्षण किया एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवा रहे व्यक्तियों, उनके परिजनों एवं माताओं से स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र के प्रशव वार्ड, लेवर रूम, जनरल ओपीडी, स्टोर रूम, आपातकालीन वार्ड, नर्सिंग रूम, डॉक्टर ड्यूटी रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें इसके लिए दवाओं का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित किया जावे। इसी प्रकार ऑक्सीजन सहित अन्य सर्जिकल संसाधन भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद रहें। अस्पताल में एक्स-रे के लिए टेक्नीशियन की ड्यूटी निर्धारित की जाए। उन्होंने सामान्य जांच के लिए भी पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं सफाई कर्मियों की रोस्टर के हिसाब से 24 घंटे ड्यूटी सुनिश्चित की जाए । अस्पताल परिसर में एंबुलेंस 24 घंटे उपलब्ध रहे एवं कॉल आने पर तत्काल रवाना किया जाए।

# आचार्य विद्यासागर गौशाला का निरीक्षण कर किया पौधरोपण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर ने आचार्य विद्यासागर गौशाला बण्डा का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला के संबंध में जानकारी ली एवं गौ सेवा भी की। उन्होंने गौशाला में पौधारोपण भी किया। कलेक्टर ने गौशाला में तैयार किए गए अलग-अलग गौ माता वार्डों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल बार्ड का निरीक्षण किया एवं उपचार पा रही गौ माता के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि जो गौवंश सड़कों पर घायल हो जाते हैं उनको यहां लाया जाता है और उनका उपचार किया जाता है। गौशाला संचालक ने बताया कि गौशाला में लगभग 3500 से अधिक गौवंश है जिनको अलग-अलग वार्डों में रखा गया है, सभी वार्डों में अलग-अलग परिस्थितियों की गौवंश को रखा जाता है। जिनमें स्वस्थ गौवंश अलग रहते हैं। रखा जाता है। इसी प्रकार मामूली बीमार गायों, सामान्य घायल को तथा गंभीर घायलों को अलग वार्ड में रखा जाता है। उन्होंने बताया कि सभी गंभीर एवं सामान्य घायल गौवंश का डॉक्टर के माध्यम से परीक्षण कर इलाज किया जाता है।

# स्वाभिमान प्रदर्शन में आए दिव्यांगों से मिले विधायक जयवर्धन सिंह

**गुना।** जिले के राघौगढ़ किले में दिव्यांग स्वाभिमान प्रदर्शनफ्र का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझावों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर जयवर्धन सिंह ने दिव्यांगजनों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को पढ़ा और भरोसा दिलाया कि प्रदेश में उनकी समुचित गणना करवाई जाएगी। दिव्यांग हितों से जुड़े मुद्दों को वह विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से प्रमुखता से उठाएंगे। विधायक ने आगे कहा जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय और गरिमा नहीं मिलती, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। दिव्यांगजनों के अधिकार, सम्मान और अवसर सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं दिव्यांग संगठन से जुड़े प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

**अनदेखी:** जान खतरे में डालकर स्कूल जाते नौनिहाल, बड़े हादसे के इंतजार में प्रशासन

# हादसों से नहीं लिया सबक... गैस किट लगे वाहनों से हो रहा है स्कूल तक का सफर

**विशाल रजक। तेंदूखेड़ा/दमोह**

बच्चों की सुरक्षा के लिए जिन वाहनों के माध्यम से नगर के बच्चों को स्कूल तक ले जाया जा रहा है, वे किसी भी नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। तेंदूखेड़ा में खुलेआम गैस किट से संचालित होने वाले वाहनों में स्कूली बच्चों को ले जाते देखा जा रहा है। जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। इसमें नगर के ज्यादातर निजी स्कूल शामिल हैं। वहीं, पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा साबित हो रही है। बच्चों की सुरक्षा के दावे करने वाले प्राइवेट स्कूल संचालक स्कूली वाहनों के संचालन को लेकर जरा भी फिक्रमंद नहीं है। वाहनों के अंदर बच्चों को ठूंस-ठूंस कर बैठाए जाने के बाद सड़कों पर रफ्तार भरते इन छोटे निजी वाहनों के प्रति अभिभावक भी जागरूक नहीं है। वहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी हादसा होने के बाद कोई कार्रवाई करते नजर नहीं आते हैं। प्राइवेट स्कूलों में संचालित वैन में ओवरलोडिंग



कर करीब एक लम्बी सीट पर 10 से 15 बच्चों को बैठाया जा रहा है। बेहद कम जगह में बैठने के कारण बच्चों के लिए स्कूल तक का ये सफर मुश्किल भरा दिखाई देता हैं। जगह कम होने पर वैन में लगे गैस सिलेंडर के ऊपर सीट लगाकर भी बच्चों को बिठाया जा रहा है। इसके बाद एक वन में बच्चों की संख्या 20 से 25 तक हो जाती है। प्रशासन के मूकदर्शक बने रहने के कारण इन प्राइवेट स्कूल और वैन संचालकों के हौसले बुलंद हैं।



### ये है गाइड लाइन

शासकीय गॉडेलिने के अनुसार मैजिक ऑटो, वैन सहित सभी स्कूली वाहनों का रंग पीला होना आवश्यक है । इसके अलावा इन सभी वाहनों पर हेल्पलाइन नंबर, वाहन चालकों के पास वैध लाइसेंस ,स्कूल बसों की खिड़की और ऑटो के पिछले हिस्से में ग्रिल, गैस किट से कोई भी वाहन संचालित नहीं हो, अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बाक्स हो। इस संबंध में तेंदूखेड़ा के थाना प्रभारी नीतेश जैन का कहना है कि जल्द ही गैस किट से संचालित वैनों व ओवरलोड वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी और दस्तावेज चैक कर जांच व कार्रवाई होगी।

**गुना के बीनागंज में सभा को संबोधित करते हुए सीएम बोले-**

# दुनिया में महक रही है गुलाब और धनिया की खुशबू

**गुना.** बीनागंज पहुंचे सीएम डॉ.मोहन यादव ने यहां मंडी प्रांगण में एक सभा को संबोधित करते हुए गुना के गुलाब और धनिया की महक की तारीफ की। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि 2003 तक यहां कांग्रेस की ही सरकार रही है और यहां सिंचाई के लिए पीढ़ियां बर्बाद हुईं। ये पाप कांग्रेस ने किया है। लेकिन यह मेहनतकश किसान सूरज को आंख दिखाकर काम करना जानते हैं। 55 साल तक पानी को तरसाने के लिए कांग्रेस पार्टी और उनके नेता जिम्मेदार हैं।

उन्होंने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार गुलाब की खेती को प्रोत्साहन पर कहा कि ऐसा लगता है सावन में पानी नहीं बरस रहा, गुलाब की पंखुड़ियां बरस रही है। यह गुलाब इतनी बड़ी संख्या में आया है, इसका कारण केवल हमारी सरकार द्वारा पानी की व्यवस्था करना है। आप दुनिया में धनिया पहुंचाते हैं। गुलाब, चमेली मे तो खुशबू होती है, लेकिन आपने धनिया को भी सुगंध दी। हम एक एक नदी का सदुपयोग करते हुए काम कर रहे हैं। किसानों को पानी भी मिले, उद्योग भी चले, युवाओं को रोजगार भी मिले, बहनों को पीने के लिए पानी भी मिले, संपदा का सदुपयोग करते हुए हम यह कर रहे हैं। कांग्रेस के लोग अटल जी की नदी जोड़ो का मजाक उड़ाते थे। इनकी नीयत देखो, ये देने को तैयार नहीं थे। नरेंद्र मोदी ने वो सपना साकार किया है। एक लाख करोड़ की केन बेतवा योजना से बुंदेलखंड में सिंचाई की व्यवस्था होगी। और इस पार्वती कालीसिंध चंबल परियोजना से हमारे 13 जिलों और राजस्थान के 13 जिलों को फायदा होगा। पानी के लिए कांग्रेस के लोगों ने मुकदमे बाजी की। इन्हें शर्म आना चाहिए। पानी के लिए बिना बात के लड़ाई की। हमने राजस्थान के साथ सौहार्द्र के साथ मिलकर योजना बनाई। कुंभराज योजना से पूरा क्षेत्र बदलने वाला है। गुना जिले में एक एक तहसील में, एक एक गांव में आने वाले पांच साल में सिंचाई होने वाली है। कोई गांव खाली नहीं जाएगा।

**हर नदी के पानी का पूरा उपयोग करने का प्रयास**

**मेट्रो एंकर** समूह से जुड़कर ने खेती में मिली सफलता बनी परिवार का सहारा

# तकनीक से बदली किस्मत, अब पढ़ाई का सपना पूरा करेंगी बंडा की रौशनी

**शशिकांत टिमोले। सागर**

**सागर।** बंडा विकासखंड के ग्राम हनौता पटकुई की रौशनी देवी, बालाजी स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। उन्होंने खेती में वर्टिकल फार्मिंग जैसी आधुनिक तकनीक को अपनाकर सब्जी उत्पादन शुरू किया। इस कार्य के लिए उन्होंने समूह से 50 हजार रुपए का ऋण लिया और अपने खेत में टमाटर व करेला की पौध लगाई। रोशनी देवी बताती हैं कि यह विधि उन्होंने पिछले दो वर्षों से अपनाई जिससे उनकी खेती में काफी सुधार हुआ है।

रौशनी ने पिछले साल आधा एकड़ क्षेत्र में पॉलीमल्चिंग तकनीक का प्रयोग करते हुए लगभग 100 क्विंटल टमाटर का उत्पादन किया, जिससे उन्हें एक लाख से अधिक की आय हुई। उनका मानना है कि यदि किसान खेती में आधुनिक तकनीक वाली विधियों का उपयोग करें, तो कम भूमि में भी अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। वहीं उनके आस-पास के किसान एक हेक्टेयर में भी उतना लाभ नहीं ले पा रहे जितना उन्होंने आधे एकड़ में कमाया। रोशनी देवी आज एक आत्मनिर्भर महिला किसान बन चुकी हैं। उनके पास अब खेती के सभी आधुनिक यंत्र हैं और घर में ट्रैक्टर भी है। उनका अनुमान है कि इस वर्ष वे अपनी सब्जी की फसल से लगभग डेढ़ लाख की आमदनी प्राप्त करेंगी। उनकी सफलता न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि वे क्षेत्र की अन्य महिलाओं और किसानों के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं।



### स्वाध्यायी छात्र के रूप में दाखिला

रौशनी देवी बताती हैं कि वे पढ़ना चाहती थीं लेकिन घर से स्कूल की दूरी अधिक होने एवं पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उनका पढ़ाई का सपना अधूरा रह गया। समूह से जुड़ने के बाद उनका कहना है कि अब वह अपनी पढ़ाई को आगे जारी रखेंगी। इसके लिए उन्होंने स्वाध्यायी छात्र के रूप में दाखिला लिया है।



"समूह से जुड़कर महिलाओं ने न केवल अधूरे सपने पूरे किए हैं बल्कि परिवार की आर्थिक उन्नति का भी सहारा बनी हैं।"

संदीप जीआर,
कलेक्टर, सागर


श्री गणेशाय नमः ॐ नमः शिवाय

अखिल भारत हिंदू महासभा

द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन एवं सावन मेला महोत्सव

कल्चुरी भवन, चार इमली, अक्षय हार्ट हॉस्पिटल के सामने

26 - 27 - 28 जुलाई 2025

इस बार का सावन भोपालवासियों के लिए लेकर आ रहा है एक पावन अवसर – "द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन एवं सावन मेला"

मुख्य आकर्षण:

- भारत के 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों की भव्य प्रतिकृतियाँ
- काशी विश्वनाथ बनारस के प्रसिद्ध ब्राह्मणों के द्वारा तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भारत की 7 पवित्र जीवनदायिनी नदियों (गंगा मैया, यमुना मैया, सरस्वती मैया, माँ नर्मदा, सरयू जी, बेतवा जी, अखंड भारत की पहचान पवित्र सिंधु नदी, साथ ही पवित्र कैलाश मानसरोवर के जल) से अभिषेक एवं पूजन अर्चन
- 50+ स्टॉल्स के साथ विशाल सावन मेला: जहाँ होंगे धार्मिक वस्त्र, पूजन सामग्री, आयुर्वेदिक उत्पाद, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, झूले और बच्चों के खेल आदि
- धार्मिक विचार संगोष्ठी: आध्यात्मिक वक्ताओं द्वारा धर्म, जीवन मूल्य व सनातन संस्कृति पर प्रेरणादायक विचार
- शिव आर्ट गैलरी: शिवजी से जुड़ी कलात्मक कृतियों की प्रदर्शनी चित्रों, मूर्तियों व रचनात्मक प्रस्तुतियों का संगम
- प्रति दिन 111 अभिमंत्रित त्रिशूल वितरण: लकी ड्रा के माध्यम से चुने गए श्रद्धालुओं को प्रतीकात्मक त्रिशूल भेंट स्वरूप प्रदान किए जाएंगे
- 11 अभिमंत्रित तलवारों द्वारा मातृशक्ति सम्मान: विविध क्षेत्र से 11 सनातनी महिलाओं एवं कन्याओं को उनके सामाजिक योगदान हेतु तलवार एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा
- विशाल भंडारा: सभी भक्तों के लिए भंडारा एवं प्रसादी वितरण दिनांक 29 जुलाई 2025 को दोपहर 12:30 बजे से
-**हिंदू राष्ट्र की स्थापना** के लिए समस्त सनातनियों की जागृति एवं मनवांछित फल प्राप्ति हेतु 101 ब्राह्मणों द्वारा 11 कुंडीय विशेष वैदिक हवन **दिनांक 29 जुलाई 2025 को सुबह 9:30** बजे से

DM दोपहर मेट्रो डिजिटल | दोपहर मेट्रो | News 24 | लल्लूराम

हर-हर महादेव!
**शिव भक्त गौरव अध्वर्यु शर्मा**
प्रदेश सह संगठन मंत्री
अखिल भारत हिन्दू महासभा (म प्र)
एवं मित्र मंडली



आइए, इस सावन भोपाल में शिवभक्ति, संस्कृति और संस्कारों के इस दिव्य संगम का हिस्सा बनें और पुण्य लाभ प्राप्त करें, साथ ही पूरे विश्व को दिखा दें कि हम सब एक हैं, **हर सनातनी एक है।**

+91 9810364008 +91 8962107290 +91 9617648005

### जो रूट ने लिखी इंग्लैंड की जीत की पटकथा, क्या करेंगे कैप्टन शुभमन गिल?

# 4 पेसर-2 स्पिनर, फिर भी ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान में बैकफुट पर टीम इंडिया

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले जा रहे टेस्ट मैच में भारतीय टीम पिछड़ती नजर आ रही है। इस मुकाबले में तीसरे दिन (25 जुलाई) स्टम्प तक इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में सात विकेट के नुकसान पर 544 रन बना लिए। लियाम डॉसन 21 और कप्तान बेन स्टोक्स 77 रन बनाकर नॉटआउट हैं। ।इंग्लैंड की लीड अब 186 रनों की हो चुकी है और उसके तीन विकेट हाथ में है। भारतीय टीम की पहली पारी 358 रनों पर सिमटी थी।

अब मैनचेस्टर टेस्ट मैच में मेजबान इंग्लैंड ऐसी स्थिति में पहुंच चुका है, जहां से वो इस मुकाबले को शायद ही हारे। अब इंग्लिश टीम का लक्ष्य इस मुकाबले को जीतकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त लेने पर है। जबकि शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम अब भी वापसी करना चाहेगी। चौथे दिन का खेल इस मुकाबले की दिशा को पूरी तरह से तय कर देगा। फिलहाल भारतीय टीम पूरी तरह से बैकफुट पर है।

भारतीय टीम इस मुकाबले में 4 तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कम्बोज और शार्दुल ठाकुर के साथ उतरी। इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग-11 में दो स्पिनर्स रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर भी हैं। हालांकि ये सभी गेंदबाज फीके साबित हुए। भारतीय गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन ने मैच को इंग्लैंड की तरफ मोड़ दिया है।



### रूट फिर बने भारतीय टीम के लिए सिरदर्द

इंग्लैंड के लिए पहले जैक क्राउली और बेन डकेट ने शानदार शुरुआत देते हुए 166 रनों की पार्टनरशिप की। फिर ओली पोप और जो रूट के बीच तीसरे विकेट के लिए 144 रनों की पार्टनरशिप हुई। वॉशिंगटन सुंदर ने बहुत कम अंतराल में ओली पोप और हैरी ब्रूक को आउट किया, लेकिन फिर जो रूट के साथ कप्तान बेन स्टोक्स जम गए। दोनों के बीच पांचवें के लिए शतकीय पार्टनरशिप हुई। इन तीन शतकीय साझेदारियों ने इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। देखा जाए तो भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ही बने। जो रूट ने इंग्लैंड की पहली पारी में 248 गेंदों पर 150 रन बनाए, जिसमें 14 चौके शामिल रहे। रूट का भारत के खिलाफ ये 12वां टेस्ट शतक रहा। साथ ही इंग्लैंड के इस पूर्व कप्तान के टेस्ट शतकों की संख्या अब 38 तक पहुंच चुकी है। रूट ने शानदार पारी खेलकर इंग्लिश टीम के जीत की पटकथा लिख दी है। भारतीय कैप्टन शुभमन गिल की इस मैच में कप्तानी भी फीकी नजर आई है। वॉशिंगटन सुंदर को पहली पारी में गेंदबाजी के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। सुंदर 68वें ओवर के बाद बॉलिंग करने आए। सुंदर ने अपने पहले स्पेल में दो विकेट भी झटके। सुंदर को इतनी देर से गेंदबाजी पर लाना समझ से परे रहा। शुभमन ने शार्दुल ठाकुर का भी सही से इस्तेमाल नहीं किया।



### शुभमन ब्रिगेड की क्या होगी रणनीति?

अब भारतीय टीम की कोशिश खेल के चौथे दिन जल्द से जल्द इंग्लैंड के बचे विकेट्स निकालने की होगी। फिर भारतीय बल्लेबाजों पर पहली जिम्मेदारी होगी कि वो पहले इंग्लैंड की लीड को खत्म करें। हालांकि ये आसान नहीं रहने वाला है क्योंकि पिच से गेंदबाजों को अब मदद मिलने लगी है। ऐसे में नई गेंद पर भारतीय बल्लेबाजों को सावधानीपूर्वक बैटिंग करनी होगी। भारतीय टीम यदि इस मुकाबले को ड्रॉ कराती है तो भी यह एक अच्छा रिजल्ट होगा। वैसे भी इस मुकाबले के चौथे दिन बारिश की संभावना बन रही है। वेदर रिपोर्ट ये कहता है कि आज (26 जुलाई) मैनचेस्टर में बारिश की संभावना 47 प्रतिशत है। यदि बारिश से खेल ज्यादा प्रभावित होता है तो मैच ड्रॉ की दिशा जा सकता है।



### चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट

## सिंधू पर जीत दर्ज करने वाली 17 साल की उन्नति क्वार्टर फाइनल में हारी

**चांग्झू (चीन)।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। भारत की उम्मीद अब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी है जो क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी तेओ का सामना करेगी। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। उन्नति के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया।

पहले गेम में हूडा ने यामागुची को बराबर की टक्कर दी लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाई और जापान की खिलाड़ी ने लगातार पांच अंक बनाकर यह गेम अपने नाम कर दिया। इस गेम में हुड्डा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लगातार तीन अंक लेना था।

## डूरंड कप- रोमांचक मैच में जमशेदपुर एफसी ने त्रिभुवन एफसी को 3-2 से दी शिकस्त

जमशेदपुर। 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के जमशेदपुर चरण की शानदार शुरूआत जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में हुई। हल्की बारिश के बीच मैच शुरू हुआ और लोगों ने खिलाड़ियों का जबरदस्त उत्साहवर्धन किया। डूरंड कप 2025 के ग्रुप-सी के पहले मुकाबले में जमशेदपुर एफसी ने नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी को 3-2 से हराकर विजयी आगाज किया। मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा, जहां नेपाल की टीम ने दो बार बराबरी की, लेकिन निकिल बड़ला के 71वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल ने अंततः रेड माइनेर्स को तीन अहम अंक दिलाए। जमशेदपुर के हेड कोच खालिद जमील ने पूरी तरह भारतीय टीम मैदान में उतारी जिसमें मनवीर सिंह, जयेश राणे, निशु कुमार, सार्थक गोलुई और विंसी बैरेटो जैसे नए खिलाड़ी शामिल थे। वहीं, त्रिभुवन आर्मी एफसी के कोच मेघराज केसी ने 4-4-2 फॉर्मेशन में कप्तान जॉर्ज प्रिंस कार्की और नवयुग श्रेष्ठ के साथ एक मजबूत आक्रमण पंक्ति बनाई।



### सीरीज 1-2 गंवाई, साहिबजादा फरहान की फिफ्टी

## पाक ने बांग्लादेश को 74 रन से तीसरा टी-20 हराया

**नई दिल्ली , एजेंसी**

पाकिस्तान ने बांग्लादेश को तीसरे टी-20 में 74 रन से हरा दिया। हालांकि, टीम ने 3 मैचों की सीरीज 1-2 से गंवा दी। बांग्लादेश ने शुरूआती 2 टी-20 जीते थे। तीसरे मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान ने 178 रन बनाए। जवाब में होम टीम 104 रन बनाकर सिमट गई। पाकिस्तान की मजबूत शुरूआत टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान को ओपनर्स ने मजबूत शुरूआत दिलाई। साहिबजादा फरहान ने सईम अयुब के साथ मिलकर फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। अयुब 8वें ओवर में 21 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद मोहम्मद हारिस महज 5 रन बना सके। फरहान भी 41 गेंद पर 63 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नंबर-4 पर उतरे हसन नवाज ने फिर 33 रन बनाए और टीम की पारी संभाली। कप्तान सलमान आगा 12 रन बनाकर आखिर तक नॉटआउट रहे।



### तस्कीन को 3 विकेट

बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने 38 रन देकर 3 विकेट लिए। स्पिनर नसुम अहमद को 2 विकेट मिले। मोहम्मद सैफुद्दीन और शोरिफुल इस्लाम के हाथ 1-1 सफलता लगी। शेख मेहदी हसन और मेहदी हसन मिराज कोई विकेट नहीं ले सके। बांग्लादेश की शुरूआत बेहद खराब 179 रन के बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में तंजिद हसन तमीम का विकेट गंवा दिया। वे खाता भी नहीं खोल सके। 41 रन के स्कोर पर टीम के 7 बैटर्स पवेलियन लौट गए।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**




## ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच छिड़ी वार 2, एक्शन-सस्पेंस में ग्लैमर के तड़के वाला ट्रेलर

यश राज फिल्म्स का स्पाई यूनिवर्स इंडिया के सबसे सफल फिल्म यूनिवर्स में से एक है। इसकी पिछली पांच फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक बड़े आंकड़े बनाने में कामयाब हुई हैं। अब इसी यूनिवर्स को आगे बढ़ाने वॉर 2 आ चुकी है जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर जैसे सुपरस्टार्स शामिल हैं। इस बार क्या होगी वॉर 2 की कहानी? आइए, थोड़ा समझने की कोशिश करते हैं।

कबीर यानी ऋतिक रोशन इस बार अपने देश के लिए एक ऐसे मिशन पर निकल चुके हैं जिसमें उन्हें उनकी पहचान और अपने करीबी लोगों को हमेशा के लिए पीछे छोड़ना है और एक साया बनकर घूमना है। वहीं रॉ में एक और एजेंट है जो अपने देश के लिए हर वो जंग लड़ेगा जो और कोई नहीं लड़ सकता है। वो सभी सही-गलत से परे रहकर हर वो काम करेगा जिससे उसका देश हमेशा आगे बढ़ता रहे। कबीर इस बार एक ऐसा काम करेगा जिसे देखकर रॉ चीफ कर्नल लूथरा को भी यकीन नहीं होगा। वहीं जूनियर एनटीआर कबीर को हर हाल में पकड़कर उसे रोकने की कोशिश करेगा। दोनों ही अपने देश के लिए वो काम करते नजर आएंगे जिससे उनके बीच में एक वॉर छिड़ जाएगी। जिसमें खूब सारा एक्शन, सस्पेंस और ड्रामा होगा। वॉर 2 इस साल की सबसे ज्यादा बड़ी फिल्म में से एक मानी जा रही है जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है।

## पहली फिल्म से छाए कई स्टार्स, रातोंरात मिला स्टारडम, लेकिन फ्लॉप रहा करियर

अनन्या पांडे के कजिन अहान पांडे का बॉलीवुड डेब्यू हो चुका है। अहान ने अपनी पहली फिल्म सैयारा से धमाल मचा दिया है। हर तरफ उनके लुक्स और एक्टिंग की चर्चा हो रही है। क्रिटिक्स और दर्शक पांडे परिवार के लाडले को भर-भर कर प्यार दे रहे हैं। ये भी माना जा रहा है कि आने वाले समय में वो बॉलीवुड का चमकता सितारा होंगे। हालांकि, ये पहला मौका नहीं है जब किसी हीरो ने डेब्यू फिल्म से वाहवाही लूटी है। अहान से पहले भी कई सितारे रातोरात स्टार बन चुके हैं। लेकिन अफसोस पहली फिल्म के बाद उनका करियर नहीं चला।



**राहुल रॉय-** 1990 में राहुल रॉय ने आशिकी फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म ने उन्हें स्टार बना दिया था। लेकिन इसके बाद उनकी अधिकतर मूवी फ्लॉप रहीं और उनका करियर थम गया।

**तुषार कपूर** – तुषार ने फिल्म मुझे कुछ कहना है से एक्टिंग की दुनिया में नाम कमाने की कोशिश की। उनकी ये कोशिश कामयाब भी रही। मुझे कुछ कहना है को दर्शकों और क्रिटिक्स का अच्छा रिसपॉन्स मिला। पर आगे चलकर वो अपने पिता जितेंद्र की तरह स्टारडम की ऊंचाईयों को नहीं छू पाए।

**तनुश्री दत्ता** – तनुश्री दत्ता ने इमरान हाशमी के साथ आशिक बनाया आपने फिल्म से एक्टिंग डेब्यू किया था। तनुश्री फिल्म से रातोरात फेमस हो गई थीं, लेकिन आज वो इंडस्ट्री से गायब हैं।

### गायत्री जोशी

2004 में गायत्री जोशी ने फिल्म स्वदेश से डेब्यू किया था। पहली फिल्म से ही उनकी किस्मत के सितारे चमक गए थे। शाहरुख खान के साथ उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था, लेकिन फिल्म के बाद उन्होंने शादी कर ली और इंडस्ट्री से दूर हो गईं।

### अनु अग्रवाल

राहुल रॉय के साथ अनु अग्रवाल ने भी आशिकी फिल्म से ही बॉलीवुड में एंट्री ली थी। ऐसा लगा था कि वो इंडस्ट्री की चहेती एक्ट्रेस बनकर रहेंगी, लेकिन वो कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाईं। देखना होगा कि डेब्यू फिल्म से धमाल मचाने वाले अहान पांडे आगे भी सक्सेस का सिलसिला जारी रख पाते हैं या नहीं। क्योंकि उनकी पहली फिल्म देखने के बाद लोग उनसे भी काफी उम्मीदें लगा बैठे हैं।



**मेट्रो बाजार**

## मस्क बोले- स्पेसएक्स के बिना यात्री अंतरिक्ष में फंस जाएंगे

**वॉशिंगटन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक इलॉन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस पोस्ट का जवाब दिया है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि मस्क की कंपनियों को अमेरिकी सरकार से ÷बड़ी सब्सिडी÷ मिलती है। वे इसे वापस लेकर उनकी कंपनियों को नष्ट नहीं करना चाहते।

टेस्ला के बॉस ने इसका जवाब देते हुए कहा कि ये सब्सिडी वास्तव में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने ये भी कहा कि स्पेसएक्स ने NASA के कॉन्ट्रैक्ट्स को बेहतर काम और कम कीमत पर जीते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इन कॉन्ट्रैक्ट्स को हटाने से अंतरिक्ष यात्री बीच में अटके रह जाएंगे।

**विवाद का कारण:** ये विवाद बिग ब्यूटिफुल बिल को लेकर शुरू हुआ था, जिसका इलॉन मस्क विरोध कर रहे थे। मस्क ने कहना था कि ये बिल अमेरिका के कर्ज को बढ़ाएगा। उन्होंने ये भी कहा था कि बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बड़ा नुकसान पहुंचाएगा। वहीं ट्रम्प ने कहा था- इलॉन को इस बिल की पूरी जानकारी थी। उन्हें इससे कोई समस्या नहीं थी। उन्हें अचानक दिक्कत तब हुई, जब पता चला कि हमें इलेक्ट्रिक व्हीकल मैंडेट में कटौती करनी होगी, क्योंकि इसमें अरबों डॉलर का खर्च है। ट्रम्प ने ये भी कहा था कि अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाए, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा। ट्रम्प के कहा- सब्सिडी बंद होने से न तो टेस्ला इलेक्ट्रिक कार का प्रोडक्शन कर पाएगी न ही स्पेसएक्स के रॉकेट, सैटेलाइट लॉन्च होंगे।

## बजाज रोक सकता है ई-स्कूटर चेतक का प्रोडक्शन, खत्म हुआ रेयर अर्थ मैग्नेट

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो अगले महीने (अगस्त 2025) से अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक और इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर गोगो का प्रोडक्शन पूरी तरह रोक सकता है। क्योंकि, कंपनी के पास रेयर अर्थ मैग्नेट्स का स्टॉक खत्म होने की कगार पर है। इसकी वजह, चीन की ओर से रेयर अर्थ मेटल्स की सप्लाई पर रोक लगना है।



कंपनी के MD राजीव बजाज ने इकोनॉमिक टाइम्स को बताया कि जून 2025 में तो कंपनी अपने मौजूदा स्टॉक से प्रोडक्शन चला रही थी, लेकिन जुलाई में ये आधा रह गया। अब अगस्त तक स्टॉक खत्म होने की कगार पर है। इससे प्रोडक्शन शून्य हो सकता है।

बजाज ऑटो भारत की दूसरी सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी है। जून में कंपनी ने 23,004 यूनिट्स बेची थीं, जो पिछले साल से 154 फीसदीज्यादा है। लेकिन, रेयर अर्थ मैग्नेट्स की कमी के कारण जुलाई में प्रोडक्शन आधा करना पड़ा है। इससे बिक्री पर असर पड़ना तय है। अगर अगस्त में प्रोडक्शन रुका, तो कंपनी की मार्केट शेयर, रेवेन्यू और EBITDA (प्रॉफिट) पर बड़ा झटका लगेगा। राजीव ने माना कि श्वङ्क पोर्टफोलियो अब प्रॉफिट देने लगा था, लेकिन ये संकट सारी मेहनत पर पानी फेर सकता है। रेयर मेटल्स का इस्तेमाल खास तौर पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों में किया जाता है। इनका उपयोग परमानेंट मैग्नेट इलेक्ट्रिक मोटर्स के लिए कॉम्पैक्ट और हाई परफॉर्मेंस मेग्नेट बनाने के लिए किया जाता है।




राजधानी में देररात से तेज बारिश का दौर चल रहा है। शुक्रवार देर रात से अभी भी रिमझिम बारिश हो रही है। मौसम विभाग की मानें तो रात से अब तक डेढ़ इंच पानी गिर गया। जिससे बड़े तालाब में भी पानी बढ़ा है। भोपाल में अब तक 19.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो अब तक की औसत बारिश 15.8 इंच से करीब 4 इंच ज्यादा है।

# मोबाइल पर लूडो गेम से जुआ खेल रहे तीन गिरफ्तार

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

गौतम नगर पुलिस ने बैरसिया रोड पर चाउमिन की दुकान के सामने बैंच पर बैठे तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 हजार 50 रुपए बरामद किए है। पुलिस ने उन्हें जिस वक्त दबोचा वह मोबाइल पर लुडो गैम खेलकर हारजीत का दाव लगा रहे थे। पुलिस आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण जमानती होने के कारण उन्हें थाने से नोटिस देने के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस के अनुसार भगवान सिंह वर्मा इलाके का भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान डीआईजी बंगला चौराहा पर मुखबिर से सूचना मिली कि शिवहरे चाउमीन के सामने बैरसिया रोड बेंच पर बैठकर तीन युवक मोबाइल से लूडो गैम खेलकर पैसो से हार जीत का खेल खेल रहे है। सूचना पर मय बल के रवाना होकर पहुंचा तो तीन युवक मोबाइल एप से लुडो खेलते हुए नजर आए। उन्होंने अपना नाम जुबेर पिता नूर मोहम्मद (24) गनगौर वाली बावड़ी काजी कैंप, हनुमानगंज, अनिल गौर (48) शिवालय मंदिर के पास टीला जमालपुरा और अकबर खान (31) शिव नगर छोला बताया।

### ईटखेड़ी थाना क्षेत्र का मामला

# मवेशी से टकराकर बाइक सवार की मौत



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

**ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव निपानिया जाट में मवेशी से टकराकर बाइक सवार घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां से परिजन एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।**

पुलिस के अनुसार नर्मदा प्रसाद अहिरवार (45) गांव रोडिया, गुनगा में रहता था और मंडीदीप की एक फैक्ट्री में काम करता था। गत 15 जुलाई की रात वह बाइक से मंडीदीप से अपने गांव रोडिया जाने के लिए निकला था। भोपाल बैरसिया रोड होते हुए वह गांव निपानिया जाट पहुंचा ही था कि उसकी बाइक सड़क पर बैठे मवेशी से टकरा गई। इस हादसे में उसे सिर में पीछे की तरफ गंभीर चोट आई थी। उसे राहगीरों ने नजीदीक स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। निजी अस्पताल पहुंचे परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## ट्रक की टक्कर से गाय की मौत, ड्राइवर पर एफआईआर

भोपाल। कोलार थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म कलारी के पास बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर डिवाइडर किनारे खड़ी गाय को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से गाय को जबड़े और पैर में गभीर चोट थी। नगर निगम की गाड़ी से गाय को पशु चिकित्सालय ले जाया गया, वहां गाया की मोत हो गई। पुलिस ने गाय का पशुचिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराने के बाद टक्कर मारने वाले चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दीपांश दीक्षित (25) मोहिनी अपार्टमेंट, सर्वधर्म कालोनी बी सेक्टर कोलार में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह नीट पीजी की तैयारी कर रहा है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे वह खाना खाने के बाद टहल रहा था। सर्वधर्म कलारी के पास पहुंचा था, तभी एक ट्रक के चालक चालक तेजी व लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए अमित शुक्ला स्टेशनरी के सामने रोड के किनारे डिवाइडर के पास खड़ी गाय को टक्कर मार दी।

### मोबाइल में मिले नंबर और वीडियो के आधार पर जांच, मोबाइल डेटा से की जा रही लोगों से पूछताछ

# शाहवर की रिमांड बढ़ी, ड्रग्स तस्करी में प्रदेश के बाहर कनेक्शन पर जांच शुरू

**क्लब मैनेजर और संचालक सहित वेटरों से भी की जा रही पूछताछ, प्रदेश के बाहर भी ड्रग सप्लाई की आशंका**



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजधानी में क्लब में पार्टी ऑर्गेनाइज करने वाले चाचा-भतीजे की आज शनिवार को रिमांड खत्म होने वाली है। शुक्रवार को क्राइम ब्रांच शाहवर को लेकर जिला अदालत पहुंची थी। वहां रिमांड की अवधि दो दिन बढ़ाने की गुजारिश की। इस दौरान शाहवर की रिमांड दो दिन बढ़ा दी गई है। शनिवार को क्राइम ब्रांच यासीन (मछली) को कोर्ट में पेश करेगी। वहां उसकी भी रिमांड बढ़ाने क्राइम ब्रांच आवेदन कर सकती है। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि ड्रग की तस्करी करने वाले यासीन मछली और शाहवर के मोबाइल की जांच की जा रही है। मोबाइल में क्लब 90 सहित अन्य क्लब के नंबर मिले हैं। मोबाइल में मिले नंबर के आधार पर क्लब के मैनेजरों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके अलावा अन्य अन्य जानकारियां ड्रग सप्लाई की जो मिल रही है उस पर टीम काम कर रही है। सूत्रों की माने तो ड्रग की सप्लाई के तार राजस्थान से भी जुड़े हैं। रखी जाएगी पहचान गुप्त एडीसीपी चौहान ने बताया कि यासीन मछली और शाहवर के मोबाइल में मिले आपत्तिजनक वीडियो में शामिल पीड़ित क्राइम ब्रांच या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। साथ ही उनकी पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। आरोपियों के मोबाइल पर मिले नंबर के आधार क्राइम ब्रांच ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया था। उनके खिलाफ सबूत इकट्ठा किए जा रहे है। सबूत इकट्ठा करने के बाद पुलिस जल्द ही ड्रग तस्करी से जुडें अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी करेगी। जनवरी में दर्ज कराई थी युवती ने छेड़छाड़ की शिकायत आरोपी यासीन मछली के खिलाफ निशातपुरा थाने में 16 जनवरी को एक युवती ने एफआईआर दर्ज कराई थी। युवती का आरोप था कि यासीन मछली द्वारा उससे छेड़छाड़ की गई और जबरन शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। आरोपी यासीन क्लब और डांस पब में पार्टियों के नाम पर युवतियों को बुलाता था और वहां युवतियों को नशे का आदी बनाता था। इसके बाद उन्हें ब्लैकमेल कर उन्हें शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाता था। विरोध करने पर आरोपी खुद को रसूखदार बताकर पुलिस अधिकारियों से दोस्ती होने की तक धमकी देता था।

## दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग की एक और शिकायत

निजी कॉलेज की एक और छात्रा ने अपने कोचिंग टीचर पर आरोप लगाया है। आरोप है कि टीचर ने उसे कोल्डिंःक में नशीला पदार्थ मिलाकर उससे दुष्कर्म किया था। इसके बाद उसका न्यूड वीडियो बना लिया। न्यूड वीडियो बनाने के बाद वह उसका दैहिक शोषण कर रहा था। इतना ही नहीं आरोपी पीड़िता को जबरन क्लब 90 लेकर पहुंचा था। वहां क्लब 90 में कुछ लोगों से मुलाकात कराई और उनके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया था। छात्रा ने शिकायती आवेदन में शाहवर के रिश्तेदार का भी नाम लिखा है। घटना की शिकायत पीड़िता ने पिपलानी पुलिस को दी थी। पिपलानी पुलिस ने शिकायती आवेदन एमपी नगर पुलिस को सौंपा है। अब एमपी नगर पुलिस आवेदन की जांच कर रही है।

## पीड़ितों के सामने आने के बाद खुलेगा आरोपियों का चिट्ठा

क्राइम ब्रांच को मोबाइल में जो वीडियो मिले थे, वह वीडियो युवतियों और कुछ युवकों के है। क्राइम ब्रांच को उन युवतियों और युवकों की तलाश है। यदि पीड़ित पक्ष के लोग आते हैं और आरोपियों के ड्रग तस्करी के और भी प्रमाण मिल सकेंगे। फिलहाल क्राइम ब्रांच उन क्लब और रेस्टोरेंट को निशाना बना रही है, जहां पर आरोपी चाचा भतीजे पार्टियां ऑर्गनाइज करते थे।

# श्मशान घाट के शेड पर लगााई युवक ने फांसी

**भोपाल दोपहर मेट्रो**



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता दौलतपुरा में शुक्रवार दोपहर एक युवक की लाश श्मशान घाट के शेड पर रस्सी के सहारे लटके मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था।

पुलिस के अनुसार तोरण सिंह यादव निवासी दौलतपुरा कोकता ने सूचना दी कि दौलतपुरा कोकता श्मशान में एक युवक की लाश टीनशेड पर रस्सी के सहारे लटकी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान मुन्नालाल पिता दौलतराम (40) दौलतपुरा कोकता के रूप में कर ली।

## क्राइम ब्रांच ने तस्कर को गिरफ्तार कर जब्त किया चार किलो गांजा

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने यश बैंक एमपी नगर से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 3 किला 880 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि यश बैंक के सामने एमपी नगर जोन-वन मैदान में एक व्यक्ति अपनी पीठ पर काले नीले रंग का पिट्ठु बैग रखकर बैठा है। उसके बैग में मादक पदार्थ गांजा है और उसे वह बेचने के लिए यहां आया है। मुखबिर की सूचना पर हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की घेराबंदी की और यश बैंक के सामने मैदान से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम गणेश कुचबंदिया पिता स्व राधेचरण कुचबंदिया (32) अर्जुन नगर वार्ड, औबेदुल्लागंज रायसेन बताया। पिट्ठू बैग के बारे में पूछताछ करने पर उसने बैग खुद का होना बताया।एमपी नगर में पुलिस का एक्शन बैग की तलाशी ली गई। बैग में अंदर ब्राउन रंग के टेप से लिपटे दो पैकेट मिले। दोनों पैकेट में गांजा रखा था।

### टीटी नगर थाना क्षेत्र का मामला

# मैनिट के छात्र से मोबाइल झपटकर भागे बदमाश

**भोपाल दोपहर मेट्रो**



टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित नानके पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार बदमाशों ने मैनिट के छात्र से मोबाइल झपट लिया। घटना बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। छात्र ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी। इसके बाद शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराने टीटी नगर थाने पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार लुटेरों पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 19 साल का तन्मय पिता गिरीश मूलतः इंदौर का रहने वाला है और मैनिट कॉलेज में बीटेक का छात्र है। वह मैनिट कैंपस के हॉस्टल में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात वह अपने साथी के साथ एक्टिवा से प्लेटिनम प्लाजा आया था। वहां से नानके पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा था। वह मोबाइल पर अपने दोस्त से बातचीत कर रहा था। इस दौरान बाइक से आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। झपटमारी के बाद तन्मय हॉस्टल चला गया। सुबह घटना की जानकारी अपने पिता को दी।

**मैट्रो एंकर** रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में जन जागरूकता कार्यक्रम

# पुलिस कमिश्नर ने आरआईई के विद्यार्थियों को दिलाई नशे से दूरी है जरूरी की शपथ

**भोपाल दोपहर मेट्रो**



मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी में प्रतिदिन पुलिस जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। यह जागरुकता अभियान 15 जुलाई से शुरू हुआ था और 30 जुलाई तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन भोपाल में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों एवं विकारों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने पुलिस द्वारा राजधानी में कुछ वर्षो में हुए अपराधों का विश्लेषण किया। जिसमें पाया गया कि गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की पृष्ठभूमि या नशे से जुड़ी हैं या नशे की हालत में अपराध करना स्वीकार किया। इसके अलावा नशा करने के लिए संपत्ति संबंधी अपराध किया तथा अधिकतर अपराधों में अपराधी नशे के प्रति एडिक्ट, आदतन पाए गए। कमिश्नर ने कहा कि नशा केवल शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को ही खराब नहीं करता है, बल्कि समाज को भी बुराई की ओर ले जाता है। समाज में गंभीर अपराध होते हैं' युवा अवस्था एक ऐसी अवस्था है जहां बहुत ही आसानी से नशे से जुड़े हुए लोग उन्हें अपनी और खींच लेते हैं।

युवा उनकी बातों में आकर शराब, गांजा इत्यादि नशे की गिरफ्त में आकर उसके आदी बन जाते हैं। आज से यह संकल्प लेने की हम ना नशा करेंगे और न ही परिवार और न ही समाज को लोगों को नाश करने देंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने अभियान के लिए किया आभार व्यक्त इस अवसर पर प्राचार्य शिवकुमार गुप्ता ने अपने व्याख्यान में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी की सराहना की।

उन्होंने पुलिस का भी आभार व्यक्त किया एवं नशे से होने वाले अपराध हो एवं सामाजिक बुराइयों के बारे में व्यावहारिक उदाहरण दिए। साथ ही विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने हेतु संकल्प लेने तथा सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने हेतु पुलिस, प्रशासन का सहयोग करने हेतु समर्थन किया गया।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)

फोन- 0755-2761257 E-mail:-eenvda23@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 04/व.ले.लि.-23/2025-26/1837 भोपाल, दिनांकः 22.07.2025

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

(प्रथम आमंत्रण)

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | नि. आ. सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 04 | नघाविप्रा भोपाल के अधिकारियों एवं कार्यालयों के लिए इनोवा क्रिस्टा वाहन उपलब्ध कराने का कार्य एक वर्ष के लिए। | Rs. 95.89 लाख (रू. पिन्च्यान्वे लाख नवासी हजार मात्र) | Rs. 95,890.00 (रू. पिन्च्यान्वे हजार आठ सौ नब्बे मात्र) | Rs. 10,000.00 (रू. दस हजार मात्र) | पंजीकृत ट्रेवल एजेंसियों या ख्याति प्राप्त फर्मो, जिसका गुमाश्ता हो। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथिः दिनांक 06.08.2025, 17:30 तक

2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 08.08.2025, 10:30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते है। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 23, 59. अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

G-16188/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022